संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 249
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शुक्रवार 13 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



उत्तर प्रदेश का ब्रांड बन चुका है बुलडोजर : योगी





लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलडोजर को उत्तर प्रदेश का ब्रांड बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अगर कम्पनियां राज्य में बुलडोजर का निर्माण करेंगी तो देश,विदेश में खुदबखुद इसकी मांग होगी। मुख्यमंत्री यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर आठकृडी में सीएनएच इंडस्ट्रियल के ट्रैक्टर निर्माण संयंत्र के शिलान्यास समारोह को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था स्थापित होने के पीछे केवल पुलिस भर्ती ही नहीं बल्कि पुलिस के आधुनिकीकरण के साथ–साथ अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति का एक प्रमुख योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बुलडोजर का जिक्र करते हुए कहा, श्श्आपने उत्तर प्रदेश के बुलडोजर की चर्चा जरूर सुनी होगी और इसीलिए मैं सीएनएच से इस बारे में कहूंगा कि आप उत्तर प्रदेश में बुलडोजर बनाएंगे तो देश और विदेश में स्वतः ही इसकी मांग होगी क्योंकि यह पहले ही उत्तर प्रदेश का ब्रांड बन चुका है। उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के लिए बुलडोजर एक सशक्त राजनीतिक प्रतीक के रूप में उभरा है। यह सरकार की अपराध के प्रति सख्त और अतिक्रमण–विरोधी छवि को दर्शाता है। विपक्ष सरकार पर कथित रूप से मनमाने तरीके से बुलडोजर चलाकर लोगों के घर और अन्य इमारतें गिराने का आरोप लगाते हुए इसकी आलोचना करता रहा है। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, जिस प्रदेश के नाम में ही उत्तर है उसके सामने वर्ष 2017 से पहले कई प्रश्न थे। पलायन का, उपेक्षा का, पिछड़ेपन का, पहचान का और अराजकता का प्रश्न था, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश आज उपद्रव से उत्सव प्रदेश बन चुका है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश में रूल ऑफ माफिया के स्थान पर रूल आफ लॉ स्थापित हुआ है सुदृढ़ कानून व्यवस्था के कारण उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, भय मुक्त कारोबार और कारोबार करने के भरोसे की दिशा में तेजी के साथ आगे बढ़ चुका है और आज इस प्रदेश के सामने देश–विदेश की कंपनियां लाइन लगाकर निवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश के प्रमुख निवेश गंतव्यों के रूप में अपनी एक नई पहचान बन चुका है। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश, उद्योग और रोजगार के ग्रोथ हब के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने मूलभूत ढांचे के विकास एवं इस ऑफ डूइंग बिजनेस रिफॉर्म्स और एक मजबूत क्षेत्रवार नीति कार्ययोजना के माध्यम से निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है।

दिवाली मिलन समारोह में पीएम मोदी बोले-

यहां कुछ भी असंभव नहीं माना जाता



नयी दिल्ली,एजेंसी। नयी दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को दिवाली मिलन समारोह आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वहां मौजूद पत्रकारों को संबोधित किया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, अभी–अभी दीपावली का पर्व बीता है और छठ की तैयारी अंतिम दौर में है। मेरी ओर से आप सभी को और आपके परिजनों को इन पर्वों की बहुत–बहुत शुभकामनाएं। त्योहारों के समय हर कोई अपने परिवार के साथ और अपनों के साथ समय बिताने की कोशिश करता है। आपका काम ऐसा है कि ब्रेकिंग न्यूज के लिए भागदौड़ लगी रहती है। ऐसी व्यस्तता में आप सभी इस नॉन–ब्रेकिंग न्यूज वाले कार्यक्रम में आए। मैं आप सबका बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि 90 के दशक की शुरुआत में मुझे 2 बड़ी यात्राओं में देशभर में व्यवस्थाओं के लिए दायित्व मिला था। ये वो दौर था, जब प्रेस रिलीज भेजने के लिए भी फैक्स मशीन ढूंढनी पड़ती थी। यहां नई पीढ़ी के बहुत साथी हैं लेकिन जो पुराने लोग हैं, वो जानते हैं कि मेरा लंबे समय से आप सबकी दुनिया के साथ एक सहज संबंध रहा है। प्रेस रिलीज से लेकर इंस्टा रील तक मैंने मीडिया का और मीडिया संवाद का एक लंबा दौर देखा है। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे बराबर याद है, पता नहीं आपकी कौन सी ताकत है जो हमें यहां परेशान कर देती है। किसी को पता नहीं था, पार्टी में ऊपर के जो 2–4 लोग थे, बस उनको पता था। मैं यहां 11 अशोक रोड पर एक कमरे में रहता था। अचानक एक दिन सारे पत्रकारों की गैंग मेरे कमरे में घुस गई। उस समय एक महिला ब्रिगेड हुआ करती थी। उन्होंने मुझसे कहा कि मिठाई खिलाओ! जब मैंने पूछा कि क्यों भाई, तो उन्होंने कहा कि आप गुजरात जा रहे हो, आप मुख्यमंत्री बनने जा रहे हो।

कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी, पहाड़ों ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

श्रीनगर। कश्मीर के ऊंचाई वाले कई इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई जबकि मैदानी क्षेत्रों में बारिश हुई है। इसके कारण दिन के तापमान में कई डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण गुलमर्ग और सोनमर्ग जैसे पर्यटन स्थलों समेत कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में रात भर बर्फबारी हुई। उन्होंने बताया कि गुरेज और कुपवाड़ा के ऊपरी इलाकों के साथ–साथ जोजिला दर्रे तथा दक्षिण कश्मीर के शोपियां में मुगल रोड पर भी बर्फबारी की सूचना है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाले जोजिला दर्रे पर बर्फ जमा होने के कारण इस राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर सहित घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। अधिकारियों ने कहा कि बारिश और बर्फबारी के कारण दिन के तापमान में कई डिग्री की गिरावट आई है। अधिकारियों ने बताया कि बारिश के कारण उत्तर कश्मीर में राजनवानी के पास उरी–बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन भी हुआ, जिससे यातायात बाधित हो गया। भूस्खलन के कारण सड़क पर मलबा और बड़े–बड़े पत्थर जमा हो गए, जिससे वाहनों की आवाजाही रुक गई और यात्री फंस गए। अधिकारियों ने बताया कि यातायात बहाल करने के लिए सड़क से मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। मौसम विभाग ने शुक्रवार दोपहर तक मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का अनुमान जताया है। कुछ जगहों पर मध्यम से भारी बारिश या बर्फबारी होने की भी संभावना है। विभाग के अनुसार, 14 से 15 नवंबर के बीच कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। इसके बाद 16 से 20 नवंबर तक मौसम के शुष्क रहने के आसार हैं।

मोदी सरकार में बढ़ती महंगाई पर कांग्रेस का कटाक्ष, सब चंगा सी से सब महंगा सी हो गया

नयी दिल्ली कांग्रेस ने महंगाई को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले सब चंगा सी का दावा किया था, लेकिन अब स्थिति यह है कि सब महंगा सी हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अच्छे दिन का वादा किया गया था, लेकिन, हर दिन महंगाई का नया वार किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई के खिलाफ वोट मांगकर सत्ता में आई सरकार के कार्यकाल में महंगाई का खामियाजा मध्यम और गरीब वर्ग को भुगतना पड़ रहा है। रसोई से लेकर रोजमर्रा के उपभोक्ता उत्पादों तक की बढ़ती कीमतों ने हर घर का बजट बिगाड़ दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि दूध, चावल, आटा, दाल, खाद्य तेल, प्याज, आलू, टमाटर, चीनी और घी समेत रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमूल और मदर डेयरी ने भी एक बार फिर दूध की कीमतें बढ़ा दी हैं। रमेश ने दावा किया कि दीपावली के बाद से हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसे बड़े ब्रांड ने डिटर्जेंट और होम केयर उत्पादों के दाम 11 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि सर्फ एक्सेल, रिन, व्हील और मोती गुलाब साबुन जैसे रोजमर्रा की जरूरत के उत्पाद भी आम आदमी की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि जब सरकार का दावा है कि देश में चीनी का उत्पादन चार गुना तक बढ़ गया है और 36 लाख टन पुराना भंडार भी मौजूद है, तो आम जनता को महंगाई से राहत क्यों नहीं मिल रही है? उन्होंने कहा कि दालों के मामले में भी ऐसी ही स्थिति है। कांग्रेस महासचिव ने पेट्रोल में ई20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने पूछा, क्या पेट्रोल में ई20 की मिलावट की दोहरी मार हमें बढ़ती महंगाई और मिलावटी पेट्रोल के रूप में भुगतनी पड़ रही है? रमेश ने कहा कि जनता जानना चाहती है कि आखिर कब तक झूठे दावों के पीछे छिपकर उसकी जेब पर बोझ डाला जाता रहेगा।

गाजियाबाद जेल में आजम खां से मिले शिवपाल यादव, बोले-

2027 में सरकार बनी तो खत्म करेंगे जाली से मुलाकात की व्यवस्था



गाजियाबाद,एजेंसी। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने बृहस्पतिवार को गाजियाबाद जिला कारागार पहुंचकर जेल में बंद पार्टी के कद्दावर नेता आजम खां से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की सरकार पर आजम खां और उनके परिवार को लगातार निशाना बनाने का आरोप लगाया। शिवपाल ने कहा कि आजम खां के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और शासन–प्रशासन की ओर से उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब उन्हें न्यायपालिका से ही उम्मीद है। अदालत से उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। आजम खान ने उनसे कहा किश 2027 में सरकार बनाइए। शिवपाल यादव के गाजियाबाद पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने वेदांता टोल प्लाजा पर उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला जिला कारागार के लिए रवाना हुआ। जेल पहुंचने पर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मीडिया कर्मियों को मुख्य प्रवेश द्वार से पहले ही रोक दिया। पत्रकारों को जेल परिसर के भीतर जाने की अनुमति नहीं दी गई। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने शिवपाल यादव की मुलाकात के संबंध में जानकारी दी। जेल में आजम खां से मुलाकात के बाद शिवपाल यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आजम खां को लगातार परेशान किया जा रहा है। उनके खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे झूठे हैं और उनके साथ न्याय नहीं हो रहा है। शिवपाल ने कहा कि चार बार मंत्री और दो बार सांसद रह चुके आजम खां के साथ जेल में बुनियादी नियमों और प्रोटोकॉल का भी पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजम खां का एकमात्र दोष यह है कि उन्होंने गरीब बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक विश्वविद्यालय बनाया। इसके बावजूद उन्हें लगातार कानूनी और प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिवपाल ने आरोप लगाया कि जेल में मुलाकात के दौरान भी नियमों का उल्लंघन किया गया और दोनों नेताओं के बीच जाली लगाकर बातचीत कराई गई। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी आजम खां के साथ खड़ी है और उनके परिवार के साथ भी पार्टी के रिश्ते पहले की तरह बने रहेंगे। अब इस मामले में न्यायपालिका से ही उम्मीद है कि वह उन्हें न्याय दिलाएगी। शिवपाल यादव ने उत्तर प्रदेश की राजनीति और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से नाराज है और समाज का हर वर्ग उसके खिलाफ है। उन्हें पूरा विश्वास है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनती है तो जेलों में मुलाकात के दौरान जाली लगाने की व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा। उनके मुताबिक, जेल में बंद लोगों से मुलाकात के लिए नियमों का पालन होना चाहिए और किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

भाजपा–आरएसएस ने सोनिया गांधी को लेकर झूठ फैलाया, अब सामने आ रहा सच : प्रियंका

वायनाड, एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने उनकी मां एवं पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के बारे में हमेशा झूठ फैलाए और अब जब वह अपने संस्मरण के जरिये अपनी बात रख रही हैं, तो उसे झूठा बताया जा रहा है। उन्होंने सोनिया गांधी के हाल ही में प्रकाशित संस्मरण पर भाजपा की प्रतिक्रिया को लेकर यह टिप्पणी की। केरलम के वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने कहा, भारत में मेरी मां के जीवन के अधिकांश समय में भाजपा, आरएसएस और कई अन्य लोगों ने उनके बारे में मनगढ़ंत बातें कही हैं।



उन्होंने झूठ फैलाए, कहानियां गढ़ीं और पूरी तरह से ऐसी बातें बना दीं, जिनका कोई आधार नहीं था। वह अब तक चुप रही हैं। अब वह अपनी कहानी बता रही हैं। उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उनका कहना था, वे इतने लंबे समय से मेरी मां के बारे में झूठ बोलते रहे। अब वह सच बता रही हैं। जाहिर है कि वे उनकी बातों को झूठा ही कहेंगे। वे और क्या कह सकते हैं? खैर, मुझे खुशी है कि वे उनकी किताब पढ़ रहे हैं। भाजपा ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि सोनिया गांधी ने अपने संस्मरण में 1975 में आपातकाल लागू किए जाने को उचित ठहराने की कोशिश की है और 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में अपने दिवंगत पति एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को क्लीन चिट दी है। भाजपा ने यह भी कहा कि सोनिया गांधी की किताब बिलॉन्गिंग ए जर्नी ऑफ लव का नाम व्हाइटवॉशिंग (दाग धोने की कोशिश) होना चाहिए था। प्रियंका ने कहा कि उनकी मां जो कुछ स्पष्ट करना चाहती थीं या जिस विषय पर अपना दृष्टिकोण रखना चाहती थीं, उन्होंने उसे अपनी किताब में दर्ज किया है। उन्होंने कहा, हर व्यक्ति का अपना निजी दृष्टिकोण और अपनी कहानी होती है, है कि नहीं?

कोलकाता में अभिषेक बनर्जी के घर के बाहर चला बुलडोजर, केएमसी ने फुटपाथ से हटाया बांस का अस्थायी ढांचा

कोलकाता। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के कर्मचारियों ने कोलकाता पुलिस की मदद से गुरुवार को ममता–तृणमूल कांग्रेस महासचिव और डायमंड हार्बर से लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित आवास के सामने बना अस्थायी बांस का ढांचा हटा दिया। अस्थायी बांस के ढांचे को हटाने की प्रक्रिया बुधवार शाम को तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुरू की थी। हालांकि, यह प्रक्रिया बाद में पूरी हुई, जब गुरुवार सुबह केएमसी कर्मचारी पुलिस के साथ बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे और ढांचे को गिराकर हटा दिया। पूरी तोड़फोड़ का काम भारी पुलिस बल की मौजूदगी में किया गया, जो किसी भी तरह के तनाव को बढ़ने से रोकने के लिए वहां मौजूद थे। डायमंड हार्बर के सांसद के आवास की बाउंड्री वॉल के बाहर लंबे समय से लगा हुआ एक लोहे का गेट भी हटा दिया गया। पहले केएमसी कर्मचारियों ने गैस कटर से लोहे के गेट को काटा और फिर उसे हटा दिया। स्थानीय लोगों की शिकायत थी कि यह लोहे का गेट फुटपाथ पर अतिक्रमण करके लगाया गया था। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता अर्क कुमार नाग, जो अभिषेक बनर्जी के वकीलों में से एक हैं, ने दावा किया कि अस्थायी ढांचे को हटाने की प्रक्रिया बुधवार शाम को डायमंड हार्बर के सांसद के निर्देश पर तृणमूल कांग्रेस के कर्मचारियों ने शुरू की थी। उन्होंने कहा, अस्थायी ढांचा पुलिस कर्मियों के बैठने की व्यवस्था के लिए था, जब डायमंड हार्बर के सांसद को पिछली व्यवस्था के दौरान जेड–प्लस सुरक्षा मिली हुई थी। अब, उस व्यवस्था में बदलाव के बाद, जेड–प्लस सुरक्षा हटा ली गई है।

गोलियां बंद होने का इंतजार करेंगे तो... फारूक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान से वार्ता पर दिया जोर



जम्मू, एजेंसी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बृहस्पतिवार को भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत की पुरजोर वकालत करते हुए कहा कि गोलियों और सैन्य टकराव से राजनीतिक विवादों का समाधान नहीं हो सकता, और दुश्मनी खत्म होने का इंतजार किए बिना सार्थक बातचीत शुरू की जानी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, था और रहेगा। अब्दुल्ला ने यहां कहा, अब आप इंतजार करेंगे, जब तक आप सबकी गोलियां बंद हो जाएंगी, तब तक रात हो जाएगी। वे भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के उस रुख के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया है कि बातचीत और गोलियां एक साथ नहीं चल सकतीं। वह सेवानिवृत्त सूचना अधिकारी मदन मंतू के निधन के बाद उनके परिजनों से मिल संवेदना व्यक्त करने यहां पहुंचे थे। मंतू का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। पत्रकारों से बातचीत करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने पाकिस्तान से आतंकवाद छोड़ने और भारत के साथ बातचीत के लिए अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा पाकिस्तान से आतंकवाद रोकने के लिए कहा है। आतंकवाद से कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। बातचीत की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए, क्योंकि बातचीत के जरिए ही आगे का रास्ता निकाला जा सकता है। अब्दुल्ला ने कहा कि युद्ध और सैन्य टकराव से केवल तबाही ही आती है। उन्होंने ईरान और यूक्रेन में हो रही मौजूदा तबाही की ओर इशारा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि स्थायी समाधान केवल बातचीत और आपसी जुड़ाव के जरिए ही निकल सकते हैं। दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) को फिर से सक्रिय करने का आह्वान करते हुए, अब्दुल्ला ने कहा कि क्षेत्रीय देशों को एक साथ आना चाहिए, अपने मतभेदों को सुलझाना चाहिए और सामूहिक प्रगति की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने यूरोपीय संघ (ईयू) का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे कभी एक–दूसरे के विरोधी रहे देश सहयोग के जरिए एक साझा भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

संपादकीय

आत्मघाती हरकतें

जैसा कि पहले से ही डर भी था दिवाली के बाद देश की राजधानी ही नहीं, दिल्ली से लगते हरियाणा– उत्तर प्रदेश स्थित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों में शहरों के गैस चौंबर बनने की खबरें मीडिया में आई हैं। जिसमें सत्ताधीशों की काहिली और नागरिकों के गैर–जिम्मेदार व्यवहार की बराबर की भूमिका रही है। जब वायु प्रदूषण की बात होती है तो सिर्फ दिल्ली की बात होती है, जबकि शेष देश में भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही है। हमारा गैर जिम्मेदार व्यवहार केवल दिवाली के समय ही नजर नहीं आता, हम चुनाव के दौरान भी स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर मसलों को मुद्दा बनाने की कोशिश नहीं करते। सर्दियों की शुरुआत में मौसमी बदलाव, हवा के प्रवाह में कमी, बढ़ते वाहनों का प्रदूषण, निर्माण कार्य में धूल को लेकर लापरवाही व उद्योगों द्वारा पैदा प्रदूषण मिलकर स्थिति को जानलेवा बना देते हैं। एक बार फिर साबित हुआ कि सत्ताधीश जहरीली हवा से अपने नागरिकों को बचाने में नाकाम रहे हैं। अब तो सवाल प्रदूषण को लेकर सामने आने वाले आंकड़ों की हकीकत को लेकर भी उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले पांच सालों में इस बार सबसे ज्यादा प्रदूषित दिवाली रही है। लेकिन वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आए हैं। कहा गया कि प्रदूषण के चरम समय के दौरान दिल्ली के बीस से अधिक मॉनिटरिंग स्टेशनों से डेटा भेजना बंद कर दिया गया। जिससे सरकारी आंकड़ों की विश्वसनीयता को लेकर भी सवाल उठे हैं। बताया गया कि प्रदूषण मापने वाले काफी स्टेशन काम नहीं कर रहे थे। ऐसे में जब लाखों लोग अपने सेहत को लेकर इन आंकड़ों पर निर्भर रहते हैं, तो सरकारी–निजी प्लेटफॉर्मों के आंकड़ों के अंतर ने जनता के संदेह को गहरा किया है। इसकी जवाबदेही के लिए जांच जरूरी है। विडंबना यह है कि इस आपात स्थिति में राजनीतिक दल बयानबाजी से बाज नहीं आ रहे हैं। फलतरू इस जहरीली हवा में लोगों का दम घुटता है। एक ओर जहां 'आप' दिल्ली की भाजपा सरकार पर नियमों को ठीक से लागू न करने व प्रदूषण आंकड़ों में हेराफेरी का आरोप लगा रही है। वहीं भाजपा 'आप' शासित पंजाब में पराली जलाने को प्रदूषण का कारण बता रही है। तात्कालिक कारकों को नजरअंदाज कर भी दें, लेकिन वाहनों, उद्योगों और कृषि से होने वाले उत्सर्जन की पारदर्शी–नियमित निगरानी जरूरी है। प्रशासन स्वास्थ्य से जुड़ी सलाहों को प्रभावी बनाए ताकि बच्चों–बुजुर्गों और श्वसनतंत्र से जुड़े रोगों से जूझ रहे लोगों को राहत मिले । सालों से हम राजनीतिक नौटंकी, बहानेबाजी व कामचलाऊ उपायों को देख रहे हैं। लेकिन मिलजुलकर ईमानदार कोशिश होती नजर नहीं आती। आखिर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बावजूद प्रशासनिक तंत्र क्यों नहीं जागता? नागरिक भी पर्यावरण रक्षा के लिये अपनी हिस्से की जिम्मेदारी क्यों नहीं निभाते? बेहतर हो कि हम पर्व पर पटाखे प्रतीकात्मक रूप में ही जलायें। किसी उत्सव को मनाने के तौर–तरीके समाज ही बनाता है। जिसमें समय–हालात के हिसाब से बदलाव भी होता है। लेकिन हम आतिशी जिद में अपने व लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। विदेशों में भारत की छवि खराब कर रहे हैं। फिर यह आत्मघाती कवायद क्यों? चिकित्सा विशेषज्ञ बताते हैं कि यदि एक्यूआई तीन सौ होता है तो हमारी उम्र साढ़े तीन साल तक घट सकती है। जिन बच्चों के फेफड़े विकसित हो रहे हैं और बुजुर्गों के लिये यह स्थिति चिंताजनक है। सांस की बीमारी से जूझ रहे लोगों और कमजोर फेफड़ों वाले मरीजों के लिये यह स्थिति बेहद घातक हो जाती है। सरकारों की तरफ से स्पष्ट गाइडलाइन्स होनी चाहिए कि ऐसे में लोगों को क्या करना चाहिए, कहां रहना चाहिए, बाहर निकलने पर कौन सा मास्क पहनना चाहिए। लेकिन ध्यान रहे मास्क या प्यूरीफायर भी बेहद खराब स्थिति में काम नहीं करते। यही वजह है कि सांस व फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों वाले मरीजों की संख्या ओपीडी में तेजी से बढ़ रही है। शिकागो यूनिवर्सिटी के ईपीआईसी के शोधकर्ताओं ने चेताया है कि भारत में प्रदूषण के कारण लोगों की उम्र नौ साल तक घट सकती है। सही मायने में सरकार ही नहीं, हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिये अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

एसआईआर पर नए सवाल

डॉ. दीपक पाचपोर

बैंक में जमा किए गए नोट और निकाले गए नोट की गिनती मेल न खाए तो इसका मतलब यही है कि बैंक में किसने कितना जमा किया और किसने कितना निकाला इसका हिसाब बैंक नहीं दे पाए तो यह नोटों की चोरी होगी।

वोट चोरी और एसआईआर इन दो मुद्दों पर चुनाव आयोग की संदिग्ध भूमिका पर अब एक और बड़ा खुलासा हुआ है। द रिपोर्टर्स कलेक्टिव की एक ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में दो राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 51 सीटों पर डाले गए वोटों और गिने गए वोटों में भारी अंतर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईवीएम से गिने गए वोट और बूथ में दाखिल मतदाताओं की संख्या मेल खानी चाहिए। लेकिन चुनाव आयोग ने ये सारे ब्यौरे सार्वजनिक ही नहीं किए। इस धांधली को आसान भाषा में समझाने के लिए बैंक का उदाहरण दिया गया है कि बैंक लोगों के जमा किए गए नोटों की रखवाली करता है। बैंक में जमा किए गए नोट और निकाले गए नोट की गिनती मेल न खाए तो इसका मतलब यही है कि बैंक में किसने कितना जमा किया और किसने कितना निकाला इसका हिसाब बैंक नहीं दे पाए तो यह नोटों की चोरी होगी। ठीक ऐसे ही चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह हरेक वोट का हिसाब रखे, लेकिन जो रिपोर्ट सामने आई है, वह वोट चोरी के भयानक खेल को उजागर करती है। बता दें कि हर बूथ यानी मतदान केंद्र के पोलिंग अधिकारी को दो गिनतियों की जिम्मेदारी दी जाती है, एक–कितने मतदाता बूथ में आए, दो–कितने वोट डाले गए। अगर इन दोनों गिनतियों में मेल नहीं होता है, तो इसका मतलब है कि गड़बड़ी हुई है। 2019 के आम चुनाव तक चुनाव आयोग हर बूथ में मतदान के आंकड़े सार्वजनिक करता था। लेकिन 2019 के बाद से यह जरूरी काम चुनाव आयोग ने बंद कर दिया। अगर चुनाव आयोग यह काम जारी रखता तो किसी भी मतदान केंद्र में की गई गड़बड़ी का पता चल जाता, लेकिन अब ऐसा नहीं है। लिहाजा खोजी पत्रकारों को इस काम में लगना पड़ा है। रिपोर्टर्स कलेक्टिव ने 530 निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों की तरफ से जमा की गई आंतरिक रिपोर्ट तक पहुंच बनाई, फिर 4212 पक्के दस्तावेज को डिजीटाइज किया और फिर इन डिजीटल कॉपियों का मूल्यांकन किया। जिसमें अभी 51 सीटों की गड़बड़ी सामने आई है। इनमें 19 सीटों पर आयोग के अधिकारियों ने बूथ में दाखिल वोटरों की संख्या शून्य दिखाई है। इसके दो मतलब हैं, या तो किसी ने वोट ही नहीं डाला, या जो दस्तावेज मौजूद हैं वे फर्जी हैं। महाराष्ट्र और हरियाणा की 39 सीटों पर डाले गए वोट और गिने गए वोट में भारी अंतर है। जैसे हरियाणा की बड़खल सीट पर 3.32 लाख वोट पड़े, लेकिन गिने गए सिर्फ 1.60 लाख। यहां से कांग्रेस के विजय प्रताप सिंह 6000 वोटों से हार गए। उन्होंने धांधली की शिकायत करते हुए कोर्ट का रुख किया। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने रिकॉर्ड पेश करने का आदेश दिया, तो मोदी सरकार ने नियमों में बदलाव कर दिए और नागरिकों को चुनावी दस्तावेज हासिल करने से प्रतिबंधित कर दिया। रिपोर्ट में ऐसे कई गंभीर खुलासे हैं और माना जा रहा है कि अभी ऐसी कई और बड़ी गड़बड़ियां सामने आएंगी। लेकिन असल में ये सीधे–सीधे चुनाव चोरी ही है। राहुल गांधी ने 2024 के चुनाव के बाद भी कहा था कि अगर ध ांधली न होती तो भाजपा इतनी सीटें भी न जीत पाती। लोकतंत्र के लिए खतरनाक बात यह है कि तब से अब तक धांधली का स्तर और दुस्साहस काफी बढ़ गया है। अभी जिस तरह एसआईआर पर ही चुनाव आयोग पर सवाल उठ रहे हैं, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है, विपक्ष आंदोलन तक करने पर मजबूर हो गया यहां तक कि उसे मॉक पार्लियामेंट लगाकर ज्ञानेश कुमार पर महाभियोग का प्रस्ताव लाना पड़ा क्योंकि बाकी सारे दरवाजे बंद कर दिए गए हैं, उससे समझ आता है कि कहीं कोई इतना बड़ा धोखा जनतंत्र के साथ किया गया है, जिसे हरसंभव तरीके से छिपाने की कोशिश की जा रही है। अगर बात खुल जाएगी तो न केवल ज्ञानेश कुमार बल्कि नरेन्द्र मोदी की कुर्सी भी जाएगी। क्योंकि लोकसभा समेत कई चुनावों के परिणाम अब अवैध लगने लगे हैं। अभी एसआईआर पर एक नया खुलासा हुआ है कि पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग जिन मतदाताओं के नाम हटवाने के लिए अपील कर रहा है, उनमें 89.5 प्रतिशत नाम मुस्लिम समुदाय के हैं। खास बात यह है कि इन मतदाताओं को न्यायिक अधि ाकारियों ने पहले ही मतदाता सूची में शामिल किए जाने के योग्य माना था। इसी तरह कर्नाटक में मुस्लिम विधायकों के प्रतिनिधित्व वाले 10 विध ानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं के 27.59 प्रतिशत नाम एसआईआर के दौरान हटा दिए गए हैं। यह सब महज संयोग नहीं है, चुनाव चोरी के बड़ी पहेली का एक छोटा हिस्सा है। एक हिस्से का खुलासा तो खुद भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। उनके अनुसार, उत्तर प्रदेश की प्रारूप मतदाता सूची से करीब 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम गायब हैं। एक चौनल पर उन्होंने दावा किया है कि एसआईआर के बाद प्रदेश की मतदाता सूची में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या में 1.65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने इस पर अपनी पार्टी या चुनाव आयोग पर सवाल नहीं उठाया, बल्कि विपक्षी सपा के नेता अखिलेश यादव के लिए कहा कि उनसे बोलो ना मांग करें कि एसआईआर वापस ले लिया जाए। वो मांग नहीं करेंगे, इसलिए नहीं मांग करेंगे क्योंकि यूपी के अंदर एसआईआर के पहले जितने मुस्लिम मतदाता थे, उसमें काफी बढ़ोतरी हुई है। योगी का यह बयान विरोधाभासों से भरा हुआ है। अखिलेश यादव ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शामिल आंदोलन में शामिल हुए हैं। एसआईआर की सत्यता पर वे कई बार सवाल उठा चुके हैं।

मतदाता सूची का पुनरीक्षण और निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता का सवाल

अरुण कुमार डनायक

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची नागरिक के राजनीतिक अधिकार की आध ारशिला है। इसमें अपात्र व्यक्ति का नाम होना जितना अनुचित है, उतना ही गंभीर किसी पात्र नागरिक का नाम हटाया जाना भी है। इसलिए नियमित पुनरीक्षण आवश्यक है, लेकिन इसकी प्रक्रिया और पारदर्शिता निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता तथा लोकतंत्र में नागरिकों के विश्वास से जुड़ी है। देश के अनेक राज्यों में चल रहा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इसी कसौटी पर चर्चा के केंद्र में है। क्या नागरिक इस प्रक्रिया से अनभिज्ञ थे? पूरी तरह ऐसा नहीं कहा जा सकता। आयोग ने जागरूकता अभियान चलाया, फिर भी अनेक लोग प्रक्रिया की गंभीरता और समय पर प्रपत्र न भरने के परिणामों से अनजान रहे। कुछ रोजगार में व्यस्त थे तो कुछ तक सूचना नहीं पहुंची। लेकिन नागरिकों की अनभिज्ञता आयोग को अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारी से मुक्त नहीं करती। उसका दायित्व सूचना पहुंचाने के साथ आवश्यक सहायता देना भी है। विशेष गहन पुनरीक्षण के विभिन्न चरणों में देशभर की प्रारूप मतदाता सूचियों से लगभग 13.37 करोड़ नाम हटाए गए थे। बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली जैसे राज्यों में इस प्रक्रिया को लेकर विशेष विवाद और असंतोष सामने आया। हटाए गए नामों में मृत, स्थानांतरित, अनुपस्थित और दोहरी प्रविष्टियों वाले मतदाता शामिल हो सकते हैं। लेकिन इतने बड़े पैमाने पर नाम हटने के बाद यह जांचना जरूरी है कि कितने नाम उचित कारणों से हटे और कितने पात्र मतदाता प्रशासनिक या तकनीकी त्रुटियों के शिकार हुए। अनेक लोगों की शिकायत थी कि लंबे समय से क्षेत्र में रहने और बीएलओ के सामने गणना प्रपत्र भरने के बावजूद प्रारूप सूची से उनके नाम गायब थे। कुछ को स्थानांतरित बताकर हटा दिया गया, जबकि कुछ को मृत बता कर। ऐसे मामले मतदाता सूची की शुद्धता के साथ किसी व्यक्ति को अनुपस्थित या स्थानांतरित घोषित करने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हैं। दूसरी ओर, विशेष शिविरों में कम उपस्थिति भी नागरिकों की उदासीनता दर्शाती है। अनेक लोगों को नाम हटाए जाने की जानकारी नहीं थी या वे प्रपत्र और दस्तावेजों को लेकर असमंजस में थे। दिहाड़ी मजदूरों के लिए काम छोड़कर शिविर पहुंचना कठिन था। पुराने दस्तावेज न होने पर बार–बार कार्यालय जाने से भी लोग बचते रहे। वर्ष 2002 की पुरानी मतदाता सूची से अपना या माता–पिता का संबंध ा स्थापित करना भी अनेक लोगों के लिए कठिन रहा। कई लोगों को उस समय का मतदान केंद्र या विधानसभा क्षेत्र याद नहीं था। जिनका पुरानी सूची से संबंध नहीं जुड़ पाया, उन्हें वैकल्पिक दस्तावेज जुटाने पड़े। कुछ आवेदकों को यह स्पष्ट नहीं था कि कौन–से दस्तावेज मान्य होंगे। पुरानी सूची सत्यापन का एक माध्यम हो सकती है, लेकिन उसके आधार पर संबंध स्थापित न कर पाने वालों को वर्तमान वैध ा दस्तावेजों से अपनी पात्रता प्रमाणित करने की सहज सुविध ा मिलनी चाहिए। इस प्रक्रिया में बीएलओ पर घर–घर जाकर गणना प्रपत्र भरवाने, अनुपस्थित लोगों की जानकारी जुटाने, नोटिस पाने वालों से संपर्क करने और शिविरों में काम करने की जिम्मेदारी है। मकान संख्या दर्ज न होने से घरों की पहचान में भी कठिनाई आती है। महीनों तक क्षेत्र में काम करने से उनके नियमित कार्यालयीन दायित्व प्रभावित होते हैं। पर्याप्त संसाधन और सहयोग दिए बिना सर्वेक्षण, सत्यापन और मतदाताओं की सहायता का पूरा भार बीएलओ पर डालना उचित नहीं है। कठिनाइयां सामने आने पर आयोग ने विशेष शिविर लगाए, अधिकारियों की संख्या बढ़ाई, नोटिसों के निपटारे में छूट दी और कई राज्यों में समय–सीमा बढ़ाई। दिल्ली में भी अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की तारीख आगे बढ़ाई गई। ये कदम बताते हैं कि प्रक्रिया में सुधार की जरूरत पड़ी। सवाल है कि अनुभवी अधिकारियों और तीनों निर्वाचन आयुक्तों की मौजूदगी के बावजूद इन कठिनाइयों का पूर्वानुमान क्यों नहीं लगाया गया? यह आयोग की योजना, तैयारी और कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़े करता है। सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल हलफनामे में आयोग ने एसआईआर के प्रमुख निर्णयों को तीनों निर्वाचन आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिया गया बताया है। दूसरी ओर, सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की ओर से दर्ज टिप्पणियों और आपत्तियों की खबरें भी सामने आई हैं। आयोग का कहना है कि व्यक्तिगत टिप्पणियां अपने आप में आयोग के निर्णय नहीं हैं। मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या निर्णय लेने से पहले सभी आयुक्तों को पर्याप्त जानकारी और परामर्श मिला? फॉर्म–6 के साथ अतिरिक्त घोषणा–पत्र जोड़ने का विवाद भी इसी संदर्भ में उल्लेखनीय है। आयोग के अनुसार, फॉर्म–6 में औपचारिक संशोधन नहीं किया गया था, बल्कि पुराने मतदाता रिकॉर्ड का विवरण देने के लिए अलग घोषणा–पत्र जोड़ा गया था। आयोग ने स्वीकार किया कि ऑनलाइन पोर्टल पर इसे फॉर्म के साथ प्रदर्शित करने से संशोधन का भ्रम पैदा हो सकता था। बाद में दोनों को अलग करने का निर्णय लिया गया। सवाल है कि महत्वपूर्ण वैधानिक प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाले प्रपत्र को लागू करने से पहले पर्याप्त स्पष्टता क्यों नहीं बरती गई? यह प्रकरण आयोग की आंतरिक परामर्श और निर्णय प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी प्रश्न उठाता है। उत्तर प्रदेश की विधान परिषद की मतदाता सूची में सामने आई 158 असामान्य प्रविष्टियां भी तकनीकी व्यवस्था के साथ मानवीय जांच और सत्यापन की जरूरत रेखांकित करती हैं। 14.81 लाख प्रविष्टियों में इनकी संख्या भले कम हो, लेकिन ऐसी गलतियां बताती हैं कि केवल सॉफ्टवेयर पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। मतदाता सूची पुनरीक्षण में निजी क्षेत्र के कर्मचारियों और शिक्षकों की सेवाएं लेने पर विचार किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए स्पष्ट कानूनी प्रावधान, पारदर्शी चयन, प्रशिक्षण और जवाबदेही जरूरी है। निर्वाचन आयोग अपना स्थायी प्रशिक्षित तकनीकी और मैदानी कर्मचारी ढांचा विकसित करे, ताकि बीएलओ पर अतिरिक्त बोझ न पड़े और अंतिम सत्यापन तथा निर्णय वैध ानिक निर्वाचन अधिकारियों के पास रहें। एसआईआर की विश्वसनीयता के लिए नाम हटाने से पहले मतदाता को व्यक्तिगत सूचना और पक्ष रखने का अवसर मिले। केवल बीएलओ की रिपोर्ट पर नाम न हटे तथा वैकल्पिक दस्तावेजों से सत्यापन की सुविधा हो। आवेदन और शिकायत की व्यवस्था सरल बने। मतदाता सूची से सम्बंधित मामलों के आंकड़े सार्वजनिक हों। निगरानी में राजनीतिक दलों के साथ स्वतंत्र सामाजिक संगठनों को भी शामिल किया जाए। मतदाता सूची की शुद्धता और नागरिकों के मताधिकार दोनों एक–दूसरे के पूरक हैं। निर्वाचन आयोग की सफलता केवल हटाए गए नामों या निपटाए गए प्रपत्रों की संख्या से नहीं, बल्कि इससे आंकी जानी चाहिए कि कितने पात्र नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रहा और गलती से हटाए गए नाम कितनी सहजता से पुनरू जोड़े गए। लोकतंत्र में मताधिकार शासन की कृपा नहीं, नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इस अधिकार की रक्षा करते हुए मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना ही आयोग की विश्वसनीयता की असली कसौटी है।

अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के बाद भारतीय नीति-निर्माताओं को संपर्क बढ़ाने की जरूरत

कल्याणी शंकर

हाल ही में हुए अमेरिकी मध्यावधि चुनावों ने अमेरिकी राजनीति में नई जटिलताएं पैदा कर दी हैं, लेकिन भारत–अमेरिका संबंध ा मूल रूप से मजबूत बने हुए हैं। भारत को दोनों प्रमुख अमेरिकी दलों (डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन्स) का समर्थन बनाए रखना होगा और अमेरिका की बदलती प्राथमिकताओं के अनुसार खुद को ढालना होगा। चूंकि दोनों देश चूंकि वैश्विक चुनौतियोंकृजैसे बड़ी शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा, आर्थिक बदलाव और जलवायु परिवर्तनकृका सामना कर रहे हैं, इसलिए क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उनके बीच की साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण होगी। दोनों अमेरिकी दलों का समर्थन बनाए रखने, नीतिगत बदलावों के बीच तालमेल बिठाने और अमेरिका के विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग बढ़ाने में भारत के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं और कुछ नए अवसर भी। चूंकि दोनों लोकतंत्र साझा वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसलिए उनकी साझेदारी की मजबूती क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों को प्रभावित करती रहेगी। मध्यावधि चुनावों के नतीजों से अमेरिकी संसद (कांग्रेस) बंट गई हैकृसीनेट पर अभी भी डेमोक्रेट्स का नियंत्रण है, जबकि हाउस (प्रतिनिधि सभा) अब रिपब्लिकन्स के पास है। भारत के लिए इसका मतलब यह है कि नीतियां तो काफी हद तक वैसी ही रहेंगी, लेकिन अमेरिकी फैसलों की प्रक्रिया धीमी हो सकती है और उनके बारे में पहले से अंदाजा लगाना मुश्किल हो सकता है। विदेश मामलों, रक्षा और व्यापार से जुड़ी अहम समितियों में नए नेता आ सकते हैं और उनकी प्राथमिकताएं भी बदल सकती हैं। इसलिए, भारत को दोनों दलों के नेताओं के साथ संपर्क बनाए रखना चाहिए और अमेरिकी विधायी एजंडे में होने वाले बदलावों पर नजर रखनी चाहिए। भारत–अमेरिका संबंधों को दोनों अमेरिकी दलों का मजबूत समर्थन हासिल है। दोनों ही दल भारत को श्इंडो–पैसिफिकश क्षेत्र में स्थिरता के लिए और चीन के प्रभाव को संतुलित करने



के लिए एक अहम देश मानते हैं। रक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग पहले की तरह जारी रहना चाहिए, लेकिन व्यापार, रक्षा या आव्रजन (इमिग्रेशन) से जुड़ी नई पहलों में देरी हो सकती है। भारतीय अधिकारियों को अमेरिका के राजनीतिक, कारोबारी और सामुदायिक नेताओं के साथ व्यापक संपर्क बनाए रखना होगा। अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, और दोनों देशों के बीच बड़े पैमाने पर व्यापार और निवेश होता है। मध्यावधि चुनावों के कारण व्यापार नीति में कोई बहुत बड़ा बदलाव आने की संभावना नहीं है, लेकिन टैरिफ (शुल्क), बाजार तक पहुंच और सप्लाई चेन जैसे मुद्दों पर फिर से बहस छिड़ सकती है। फार्मास्यूटिकल्स, आईटी और कृषि जैसे क्षेत्र अमेरिकी नीतियों में होने वाले बदलावों के प्रति संवेदनशील हैं। साथ ही, तकनीक या बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) में भारतीय निवेश की अधिक बारीकी से जांच की जा सकती है। फिलहाल चल रही व्यापार वार्ता से एक सीमित समझौता हो सकता है, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेगा। प्रौद्योगिकी और नवाचार (इनोवेशन) भारत–अमेरिका संबंध ों के मुख्य आधार बने हुए हैं। इसमें एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), साइबर सुरक्षा और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों में संयुक्त शोध शामिल हैं। तकनीकी हस्तांतरण, डेटा और डिजिटल नीति पर अमेरिकी कांग्रेस के कदम भारतीय कंपनियों को सीधे प्रभावित करते हैं। भारतीय पेशेवरों के लिए आव्रजन (इमिग्रेशन), विशेष रूप से एच–1बी वीजा, बहुत महत्वपूर्ण है, हालांकि इसमें बड़े सुधारों की संभावना कम ही है। अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की बढ़ती संख्या, अपनी वकालत और सांस्कृतिक संबंधों के माध्यम से दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत बनाती है। दोनों देश एक स्थिर हिंद–प्रशांत क्षेत्र और चीन के प्रभाव को रोकने में समान रुचि रखते हैं। रक्षा सहयोग, संयुक्त सैन्य अभ्यास और खुफिया जानकारी का आदान–प्रदान जारी रहेगा, हालांकि अमेरिकी कांग्रेस की समीक्षाओं के कारण हथियारों की बिक्री और तकनीकी हस्तांतरण की प्रक्रिया धीमी हो सकती है। रूस और ईरान के प्रति अमेरिकी नीति भी भारत को प्रभावित करेगी, खासकर ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय कूटनीति के मामले में। जलवायु और सार्वजनिक स्वास्थ्य अब अधिक प्राथमिकता वाले विषय बन गए हैं, लेकिन अमेरिकी कांग्रेस के भीतर मतभेदों के कारण इस दिशा में प्रगति धीमी हो सकती है। अमेरिका और भारत स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु अनुकूलन और सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में मिलकर काम कर रहे हैं, जिसमें संयुक्त अनुसंधान और नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्यूएबल एनर्जी) में निवेश शामिल है। भारत का फार्मा उद्योग अमेरिकी नियामक बदलावों पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि भारत जेनेरिक दवाओं का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। मध्यावधि चुनाव के परिणाम अनिश्चितता लेकर आए हैं, लेकिन साथ ही इससे नए अवसर भी पैदा होने की संभावनाएं हैं। भारत अमेरिकी राज्यों, शहरों, व्यापार समूहों और नागरिक समाज के साथ अपना सहयोग गहरा कर सकता है। इससे संघीय स्तर के अलावा अन्य स्तरों पर भी साझेदारी को विविधतापूर्ण और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।

एसडीएम ने लापरवाही पर किया दो निलंबित, कारण बताओ नोटिस जारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। फूलपुर एसडीएम हीरालाल सैनी ने लापरवाही करने पर दो लेखपालों को आज निलंबित कर दिया है जबकि भ्रामक सूचना देने पर राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



फूलपुर एसडीएम हीरालाल सैनी ने बताया कि लेखपाल विनय कुमार सिंह क्षेत्रीय लेखपाल ने ग्राम चक अमानुल्लाह उर्फ चकमुदन में ग्राम समाज पर अतिक्रमण नहीं रोका गया। अतः निलंबित किया गया है। उन्होंने बताया कि राजस्व निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद क्षेत्रीय कानूनगो द्वारा ग्राम समाज अतिक्रमण नहीं रोका गया अतः विभागीय कार्यवाही संस्तुति की गई है।

फूलपुर एसडीएम हीरालाल सैनी ने बताया कि इसी मामले में क्रॉस जांच के लिए लगाए गयेध राजस्व निरीक्षक जितेंद्र कुमार मिश्रा (क्षेत्र सिसई सिपाह) को भेजा गया था लेकिन भ्रामक सूचना देने के आरोप मे कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

फूलपुर एसडीएम हीरालाल सैनी ने बताया कि लेखपाल मनोज कुमार यादव क्षेत्र हसनपुर कोरारी ने राजस्व कार्यों की अनदेखी, निर्वाचन कार्य में शिथिलता बरतने एवं बिना उच्चाधिकारी के आदेश से तहसील मुख्यालय छोड़ने के कारण निलंबित किया गया है।

माघ मेला की सभी तैयारियां समय से होगी पूरी-डा लोकेश एम

कमिश्नर ने माघ मेला -2027 की तैयारियों की दी जानकारी
कहा कि आठ सेक्टर, नौ पाण्टून पुल में बसेगा मेला
52 दिनों का होगा माघ मेला, पार्किंग का बढ़ेगा दायरा
2 पाण्टून पुल अरैल साइड में बनाए जाएंगे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। कमिश्नर डॉ. लोकेश एम ने आज माघ मेला 2026 –27 की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि माघ मेला की सभी तैयारियां समय से पूरी होगी। पार्किंग व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है जिससे कि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना होने पाए।

उन्होंने बताया कि माघ मेला क्षेत्र के संगम, झूंसी और अरैल क्षेत्र में तीन दर्जन ट्रैक्टरों से समतलीकरण शुरू हो गया है। मेला की तैयारियों से संबंधित 150 टेण्डर हो चुके है इससे माघ मेला की तैयारियों को और गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि

इंफ्रास्ट्रक्चर एवं विभागीय कार्य के लिए पीडब्ल्यूडी नौ पॉन्टून पुल प्रस्तावित हैं। मुख्य एवं गाटा मार्गों का प्रस्तावित ले–आउट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। लैंड लेवलिंग, सेनिटेशन, टेंटेज एवं फर्नीचर तथा जल निगम के पाइपलाइन एवं ड्रेनेज कार्यों के टेंडर हो गये है। पार्किंग, यातायात एवं समन्वय के लिए सिर्फ पार्किंग व्यवस्था की निगरानी के लिए एक एक्सक्लूसिव विभागीय अधिकारी की तैनाती के निर्देश दिया हूं। उन्होंने कहा कि पिछले मेलों से सीख एवं व्यवस्थाओं का विस्तार करते हुए वर्ष 2013 के कुंभ से अब तक आयोजित कुंभ एवं माघ मेलों के लर्निंग पॉइंट्स का नोट तैयार हो रहा है। माघ मेला 2026 – 27 में मेला क्षेत्र, संस्थाओं, सेक्टर, घाट, पार्किंग, सुरक्षा, अग्निशमन एवं निगरानी व्यवस्थाओं में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

कमिश्नर डा लोकेश एम ने बताया कि पिछले वर्ष नौ



पॉन्टून पुल बनाए गए थे, जिनमें से 2 फाफामऊ साइड में बनाए गए थे। इस वर्ष भी नौ पॉन्टून पुल प्रस्तावित हैं, जिनमें से दो अरैल साइड में बनाए जाएंगे जिससे कि श्रद्धालुओं को आने – जाने में परेशानी ना होने पाए। कमिश्नर डा लोकेश एम ने बताया कि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को पूरे मेला क्षेत्र में प्रस्तावित मुख्य एवं गाटा मार्गों का लेआउट / मैप तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पीक डेज में अत्यधिक भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा गाटा मार्गों का प्रयोग किया जाता है, जिससे भीड़ प्रबंधन एवं आवागमन व्यवस्था में कठिनाई उत्पन्न होती है। प्रस्तावित लेआउट के माध्यम से ऐसे संभावित स्थानों को चिह्नित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं एवं वैकल्पिक उपायों की पहले से ही प्लानिंग करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में पेयजल की सुविधा की आपूर्ति के लिए 80 बोर उपलब्ध हैं, जिनमें से माघ मेले के दौरान 28 बोर का उपयोग किया जाता है। कमिश्नर ने बताया कि यह माघ मेला तैयारियों की प्राथमिक बैठक है, जिसमें फिलहाल तैयारियों की व्यापक रूपरेखा तय की गई है।

माघ मेला 2026–27 की प्रमुख तिथियां

प्रयागराज। 14 जनवरी 2027 से 6 मार्च 2027 तक प्रस्तावित है, जो कुल 52 दिनों क होगी। इस दौरान प्रमुख स्नान पर्वों की तिथियां इस प्रकार है :–

1– मकर संक्रांति 14/15 जनवरी 2027, गुरुवार/ शुक्रवार
2– पौष पूर्णिमा 22 जनवरी 2027, शुक्रवार
3– मौनी अमावस्या 6 फरवरी 2027, शनिवार
4– बसंत पंचमी 11 फरवरी 2027, गुरुवार
5– माघी पूर्णिमा 20 फरवरी 2027, शनिवार
6 – महाशिवरात्रि 6 मार्च 2027, शनिवार

नागवासुकी क्षेत्र होगा सेक्टर सात, बन रहा वीवीआईपी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इस बार माघ मेला का नया सेक्टर –7 नागवासुकी बनाया जा रहा है जिस पर मेला प्रशासन विशेष फोकस कर रहा है। इस सेक्टर में प्रमुख संस्थाएं, प्रमुख कथा वाचक, अन्न क्षेत्र और भण्डारा चलाने वाली प्रमुख संस्थाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम की संस्थाओं को विशेष रूप से बसाया जा रहा है जिससे कि कानपुर, झांसी, लखनऊ, अयोध्या सहित अन्य शहरो से आने वाली श्रद्धालुओं की भीड को रोका जा सके।

घर से निकलते ही 4 लोगों ने घेरकर पीटा-पीड़ित ने की न्याय और निष्पक्ष जांच की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। नैनी थाना क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी में मारपीट की घटना के बाद पीड़ित ने न्याय की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि मौके पर उसके साथ मारपीट हुई है, उसे गाली दी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। अब वह निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई चाहता है। पीड़ित राज कुमार पुत्र स्व. जग्गू निवासी 86ध्1 काशीराम कॉलोनी एडीए, नैनी ने थाना प्रभारी नैनी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि – 8 नवंबर 2026, सुबह करीब 6:30 बजे वह घर से निकला ही था कि पिन्टू भारतीय, बसन्तू भारतीय, नन्ना भारतीय और सूरज भारतीय ने उसे घेर लिया। आरोप है कि चारों ने गाली–गलौज करते हुए मारना–पीटना शुरू कर दिया। मारपीट में पीड़ित को गंभीर चोटें आईं। इसके बाद चारों जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर थाना नैनी में थ्त् नंबर 0588/2026, दिनांक 10/11/2026 को दर्ज हो चुकी है। धारा – 115(2), 352, 351(2) ठछै 2023 मामले की जांच अवर निरीक्षक पंकज कुमार भास्कर को सौंपी गई है। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जाए, मौके के साक्ष्य देखे जाएं और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो, ताकि उसे न्याय मिल सके। अब पीड़ित मांग रहा है



प्रयागराज मंडल मे पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघ में दूसरी बार रविशंकर मिश्र बने क्षेत्रीय अध्यक्ष, धर्मराज यादव को मिली क्षेत्रीय मंत्री की जिम्मेदारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ प्रयागराज की क्षेत्रीय एवं जनपद कार्यकारिणी को प्रांतीय नेतृत्व द्वारा द्विवर्षीय मान्यता प्रदान की गई है। इसके तहत कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र को लगातार दूसरी बार क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा धर्मराज यादव को क्षेत्रीय मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रांतीय अध्यक्ष भारत सिंह यादव की संस्तुति पर प्रांतीय महामंत्री वशिष्ठ नारायण तिवारी ने प्रयागराज की 25 सदस्यीय क्षेत्रीय कार्यकारिणी को मान्यता प्रदान की। इस कार्यकारिणी का प्रमुख उद्देश्य कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण, उनके हितों की रक्षा तथा विभागीय स्तर पर समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए ग्रिवांस बैठकों एवं अधिकारियों के साथ वार्ता करना है। वहीं, प्रयागराज



जनपद की कार्यकारिणी में फूलचंद यादव को जनपद अध्यक्ष तथा राम अचल पाल को जनपद मंत्री के पद पर मान्यता प्रदान की गई है।

क्षेत्रीय एवं जनपद कार्यकारिणी को मान्यता मिलने की खबर से प्रयागराज मंडल के विभिन्न जनपदों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कर्मचारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

दूसरी बार क्षेत्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर रविशंकर मिश्र ने प्रांतीय नेतृत्व एवं सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें पुनः यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है, उस विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। सभी पदाधिकारियों को साथ लेकर कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण, उनके अधिकारों की रक्षा तथा संगठन की मजबूती के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के सम्मान, हित और न्याय के लिए संगठन सदैव तत्पर रहेगा। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष करुणे प्रताप सिंह, मुकेश कुमार, फतेहपुर के जनपद अध्यक्ष मनोज सैनी, कौशाम्बी के अध्यक्ष राम सिंह, प्रतापगढ़ के प्रमोद मिश्र, बेनी प्रसाद मौर्य, राजेंद्र बाबू केशरवानी, प्रेमशंकर पटेल, विजय भारत, लालजी पाल, संजीत कुमार, जयप्रकाश, अमर बहादुर सिंह, चंद्र प्रकाश शुक्ला, राम कुमार निषाद एवं मुकेश कुमार उपाध्याय सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने आशा व्यक्त की कि रविशंकर मिश्र के नेतृत्व में क्षेत्रीय कार्यकारिणी कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान, संगठनात्मक एकजुटता और कर्मचारी हितों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेगी।

माघ मेला क्षेत्र में ऐसे होगी व्यवस्था

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। माघ मेला 2026–27 में मेला क्षेत्र एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के विस्तार का प्रस्ताव है। मेला क्षेत्रफल 844 हेक्टेयर से बढ़कर 900–925 हेक्टेयर, सेक्टरों की संख्या– 7 से बढ़कर 8 तथा घाटों की लंबाई 3.60 किलोमीटर से अधिक प्रस्तावित है। पॉन्टून पुलों की संख्या 9 रहेगी। पार्किंग व्यवस्था

माघ मेला के लिए पाण्टून पूल का निर्माण शुरू

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। माघ मेला में नौ पाण्टून पुल का निर्माण होना है। दो पाण्टून पुल का निर्माण शुरू हो गया है। काली मार्ग और ओल्ड जीटी रोड के पाण्टून पुल का निर्माण शुरू हो गया है जबकि शेष सात पाण्टून पुलों का निर्माण शीघ्र शुरू होने जा रहा है।

में पार्किंग स्थलों की संख्या 42 से बढ़कर 42, पार्किंग क्षेत्र 250 हेक्टेयर से बढ़कर 250 हेक्टेयर तथा पार्किंग क्षमता 1.30 लाख से बढ़कर 1.30 लाख से अधिक वाहनों की प्रस्तावित है। यातायात लाइन की संख्या एक से बढ़ाकर 2 किए जाने का प्रस्ताव है। सुरक्षा एवं अग्निशमन व्यवस्था को और सुदृढ़ करते हुए थानों की संख्या 17 से बढ़ाकर 172, चौकियों की संख्या 42 से बढ़ाकर 428 तथा फायर स्टेशनों की संख्या 20 से बढ़ाकर 202 प्रस्तावित है। फायर वॉच टावर 20 से बढ़ाकर 20, महिला हेल्प डेस्क 16 से बढ़ाकर 16 तथा साइबर हेल्प डेस्क भी 16 से बढ़ाकर 16 किए जाने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त स्नान घाटों की संख्या 31 से बढ़ाकर 31, होल्डिंग एरिया 16 से बढ़ाकर 16 तथा सीसीटीवी कैमरों की संख्या मेला क्षेत्र में 400 एवं नगर क्षेत्र में 1,152 रखने का प्रस्तावित है।

योगी जब तक रहेंगे, हर धर्म- हर जाति,हर वर्ग रहेगा सुरक्षित : उदयभान करवरिया

पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता करवरिया के सम्मेलन में हजारों लोग हुए शामिल।
कहा कि यूजीसी में प्रदेश सरकार की भूमिका नहीं, ऊपर की मानसिकता ।
अरे भाई, एक तो बचा है हर्षवर्धन वाजपेयी। उसको तो बचाकर रखो- उदयभान करवरिया।
प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर छह किमी लगा रहा जाम।

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयागराज के वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने गुरुवार को जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर रामपुर करछना में शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब तक किसी के पास पद होता है, उसके आसपास चाटुकारों की भीड़ लगी रहती है। किसी को टिकट तो किसी को पद चाहिए।

डिप्टी सीएम केशव मौर्य का नाम लिए बिना उन्हें चुनौती देते हुए पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने कहा कि "पद छोड़कर एक ऐसी रैली करके दिखाइए, मैं जिंदगीभर आपका गुलाम बनकर रहूंगा।"

पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने प्रयागराज में हुए प्रबुद्ध ब्राह्मण सम्मेलन के दौरान हंगामे और थप्पड़बाजी को लेकर भी डिप्टी केशव मौर्य पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर कोई सवाल पूछना चाहेगा तो उसका स्वागत करूंगा। मैं उन लोगों में से नहीं हूं, जो किसी वरिष्ठ नेता से सवाल पूछने पर धक्का देकर पुलिस हिरासत में पिटवाते हैं।

दरअसल, 2 नवंबर को प्रयागराज में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान दो युवकों ने हाथ उठाकर कहा कि श्केशव जी, यूजीसीपर भी कुछ कहिए।श इस पर डिप्टी सीएम नाराज हो गए। उन्होंने कहा, "चुप रहो, चलो। मैं सब कुछ बोलूंगा। मैं कोई चीज बोलने से कभी नहीं रुकता हूं।" इसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ लिया। आरोप है कि अल्लापुर से भाजपा पार्षद विनय मिश्रा ने एक युवक को थप्पड़ मार दिया।

इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत 101 ब्राह्मणों के शंखनाद से हुई। पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने करीब 10 हजार समर्थकों के साथ घर से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस दौरान समर्थक हाथों में तलवार और फरसा लहराते दिखे। गाड़ियों के काफिले के कारण प्रयागराज –मिर्जापुर हाईवे पर करीब छह किलोमीटर लंबा जाम लग गया।

करीब 10 साल जेल में रहने और पत्नी के निधन के बाद पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने एक बार फिर



राजनीति में सक्रिय हुए हैं। पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के भाई पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया और पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया भी राजनीति में हैं। पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने यूजीसी (यूजीसी) को लेकर कहा कि इसमें प्रदेश सरकार की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कहीं ना कहीं ऊपर की मानसिकता के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को डिगाने के लिए किया गया है।

योगी हैं तो उत्तर प्रदेश है। योगी जब तक रहेंगे, तब तक हर धर्म, हर जाति, हर वर्ग और हर बिरादरी का व्यक्ति सुरक्षित रहेगा। हमारी बेटियां रात 12 बजे भी स्कूटी लेकर निश्चिंत होकर जा सकेंगी। उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि प्रदेश में योगी जी का राज है।

वैदिक सेना प्रमुख श्याम नारायण भार्गव ने कहा कि सभा का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को एकजुट करना और उन्हें परिवार की तरह जोड़कर रखना है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ने खुद को नेता नहीं, बल्कि



कार्यकर्ता बताया है। उन्होंने अपनी सुंदरता दर्पण में नहीं, बल्कि जनता के दिल में दिखाई है। उन्होंने नेतागिरी की बात नहीं की। यहां मौजूद सभी कार्यकर्ताओं को अपने परिवार का हिस्सा माना है। यही इस सभा का उद्देश्य है।

पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने कहा कि शहर उत्तरी में एक बड़े नेता की ओर से लोगों को पिछले एक महीने से एस एम एस भेजकर दीपावली और दशहरे की शुभकामनाएं दी जा रही हैं। यहां तक कि जिन परिवारों में छह साल पहले किसी की मृत्यु हो चुकी है, अब नेता उनके घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, कि ष्अरे भाई, एक तो बचा है हर्षवर्धन वाजपेयी। उसको तो बचाकर रखो। क्या केवल टेलीफोन और मैसेज आने के चक्कर में उसे भी



खो दोगे? ऐसी भूल मत करना। अपनी ताकत बनाकर रखना। इसके पूर्व पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के बेटे सक्षम करवरिया ने भीड का स्वागत और अभिनंदन करते हुए अपनी बात रखी।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः 27-विद्युत/सा0/प्रयागराज/2627 दिनांकः 10.11.2026

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक- 07.12.2026 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित हैं-

क्रम सं॰ 1	निविदा सूचना संख्या.ः ELG-65-2627	काम की लागत(₹ में)ः ₹ 80,47,207.9

कार्य का नामः SSE/PS/FTP के अधीन विद्युत विविध अनुरक्षण कार्य (RH-1 KBN-AUNG सेक्शन से RH-2 KUW-ASCE सेक्शन तक), 02 वर्षों के लिए।

बिड सिक्योरिटी(₹ में)ः ₹ 1,61,000.00	कार्य समाप्त करने की समयावधिः 24 माह

निविदा खुलने की तिथिः 07.12.2026, समय-15:00 बजे।

नोट :- 1. उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। 2569/26(AK)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 32/2026 दिनांकः 09.11.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मंडल सामग्री प्रबंधक, उ.म.रे., प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा सं.	विवरण	मात्रा	ई.म.डी.(₹)	निविदा खुलने की तिथि
19267755	2x500 केवीए आईजीबीटी आधारित होटल लोड कनवर्टर	02 सेट	4,31,880/-	16.12.2026

नोटः (1) उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। (2) उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। बेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) सलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। (4) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म /लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (5) उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रलवे की वेबसाईट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। (6) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 2560/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

प्रयागराज के स्टेशनों से गुजरेंगी कई और स्पेशल ट्रेन, किया गया विस्तार

प्रयागराज। दिवाली और छठ पर घर लौटने वाले यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष ट्रेनों का संचालन और कुछ गाड़ियों के फेरों का विस्तार किया है। नई दिल्ली, पटना, गया, दरभंगा और बरौनी समेत कई शहरों के लिए चलने वाली इन ट्रेनों का प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज और प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ठहराव होगा। 12 और 13 नवंबर को इन ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है। दिवाली और छठ पर्व पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कई विशेष ट्रेनों का संचालन करने के साथ कुछ गाड़ियों के फेरों का विस्तार किया है। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज और प्रयागराज छिवकी स्टेशन से होकर गुजरने वाली इन ट्रेनों से यात्रियों को राहत मिलेगी। इनमें से कई ट्रेनों का ठहराव 12 और 13 नवंबर को निर्धारित किया गया है। नई दिल्ली से पटना के लिए संचालित त्योहार विशेष एक्सप्रेस (04060/04059) नई दिल्ली से चलकर 12 नवंबर को प्रयागराज जंक्शन पर रुकेगी। इसके अलावा जयपुर से गया के बीच चलने वाली अनारक्षित विशेष ट्रेन (09727/09728) जयपुर से रवाना होकर गोविंदपुरी के रास्ते 13 नवंबर को प्रयागराज के सूबेदारगंज स्टेशन पर रुकेगी। इसके बाद यह पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते गया पहुंचेगी।

भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व भाई दूज हर्षोल्लास से मना

बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर की दीर्घायु की कामना, आरती उतारकर खिलाई मिठाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशांबी। भाई–बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक भाई दूज का पर्व बुधवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाइयों के माथे पर रोली और अक्षत का तिलक लगाकर आरती उतारी तथा मिठाई खिलाकर उनके सुखी, समृद्ध और दीर्घायु जीवन की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंटकर उनकी रक्षा और हर सुख–दुख में साथ निभाने का संकल्प दोहराया। घरों में सुबह से ही पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा। दूर–दराज रहने वाले भाई भी बहनों के घर पहुंचकर इस परंपरा में शामिल हुए। पौराणिक मान्यता के अनुसार, कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान सूर्य के पुत्र यमराज अपनी बहन यमुना के घर पहुंचे थे। यमुना ने उनका तिलक कर स्वागत किया और भोजन कराया। बहन के स्नेह और आतिथ्य से प्रसन्न होकर यमराज ने उन्हें वरदान दिया कि इस दिन जो भाई अपनी बहन के घर जाकर तिलक करवाएगा, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहेगा। तभी से यह पर्व यम द्वितीया अथवा भैया दूज के रूप में मनाया जाने लगा। पर्व ने एक बार फिर भाई–बहन के रिश्ते में प्रेम, विश्वास और पारिवारिक आत्मीयता की मिठास घोल दी।



प्रेम कुमार त्रिपाठी के लघुकथा संग्रह 'नीलकमल खिल गया' का विमोचन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जनपद हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में सई तट स्थित सच्चा बाबा आश्रम में साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी 'प्रेम' के लघुकथा संग्रह 'नीलकमल खिल गया' का भव्य विमोचन हुआ। साहित्यिक संध्या में कवियों, शायरों एवं साहित्यकारों ने काव्यपाठ के जरिए लेखक को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रेम कुमार त्रिपाठी को साहित्यिक योगदान के लिए डॉ. राजेश्वर सहाय त्रिपाठी स्मृति सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि प्रेम कुमार की लघुकथाएं जीवन के अनुभवों और सार्थक संदेशों को सहजता से पाठकों तक पहुंचाती हैं। मुख्य अतिथि सच्चा बाबा आश्रम के महंत संत मनोज ब्रह्मचारी ने पुस्तक को आध्यात्मिक एवं धार्मिक चेतना जागृत करने वाला प्रयास बताया। डॉ. शाहिदा खान और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न' ने भी रचनाओं की सराहना की। शायर नियाज प्रतापगढ़ी ने पंक्तियों के माध्यम से बधाई दीकृ'प्रेम से, प्रेम का नीलकमल खिल गया।' चांदनी दुबे ने 'हां वही राम हैं, हां वही श्याम हैं' भक्ति रचना प्रस्तुत की, जबकि बाल कवयित्री सानवी त्रिपाठी ने अपनी प्रस्तुति से तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का संयोजन अखिल नारायण सिंह 'अकेला', पं. अनिल प्रताप त्रिपाठी 'प्रवात' एवं नियाज प्रतापगढ़ी ने किया। संचालन राकेश कनौजिया ने किया।



पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट, छह लोग घायल

एक महिला की हालत गंभीर, प्रयागराज रेफर, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढं प्रतापगढ़। संग्रामगढ़, थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे गौरी अर्रो में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कुल छह लोग घायल हो गए। इनमें एक 60 वर्षीय महिला को गंभीर चोटें आई हैं। 11 नवंबर की रात नरई चौराहे से घर लौटते समय गांव के निकट घनश्याम तिवारी और कृष्णानंद तिवारी पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष के पांच तथा दूसरे पक्ष की एक महिला घायल हो गई। गंभीर रूप से घायल महिला की पहचान घनश्याम तिवारी की पत्नी मालती देवी (60) के रूप में हुई है, जिनके सिर में गंभीर चोट आई है। घटना में कृष्णानंद तिवारी, उनके भाई प्रदीप कुमार,व पत्नी सुनीता तिवारी, शिव तिवारी और आदित्य तिवारी सहित छह लोग घायल हुए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर पांच घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि मालती देवी को बेहतर उपचार के लिए प्रयागराज भेजा गया। इस मामले में घनश्याम तिवारी की तहरीर पर । पांच लोग नाम जद व कुछ महिलाएं अज्ञात संग्रामगढ़ पुलिस ने संबंधित धाराओं 192(2), 191(3), 190, 191 एवं 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच एवं आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच इससे पहले भी विवाद हुआ था, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी।

गृह कलह से तंग महिला ने कुएं में लगायी छलांग, हडकंप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लीलापुर थाना क्षेत्र के रामपुर खजूर धनीपुर गांव में गुरूवार की दोपहर महिला द्वारा अचानक कुएं में छलांग लगा देने से हडकंप मच गया। गांव के अमित कुमार की पत्नी सावित्री 36 का अपने पति से घरेलू विवाद हुआ। सूत्रों के मुताबिक उसका पति नशे में टल्ली होकर घर में विवाद किया करता है। घटना की सुबह भी पति अमित नशे में घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करने लगा। अचानक दिन में साढ़े बारह बजे सावित्री क्षुब्ध होकर घर के समीप पुराने कुएं में छलांग लगा दी। यह देख ग्रामीण हतप्रभ रह गये। गांव के ललन पाल 53 ने रस्सी के सहारे कुएं में उतरकर एक घंटे की मशक्कत के बाद सावित्री को कुएं से बाहर निकाला।

ओवैसी-चंद्रशेखर के गठबंधन से फतेहपुर की सियासत में हलचल, छह सीटों पर नए समीकरणों की चर्चा शुरू

मुस्लिम और एससी मतदाताओं पर रहेगी नजर, सपा के पीडीए समीकरण को मिल सकती है चुनौती



शीबू खान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लेमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख सांसद असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद के गठबंधन ने राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। गुरुवार को लखनऊ में दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गठबंधन को श्सामाजिक परिवर्तन मोर्चाश नाम दिया। मोर्चे ने प्रदेश की सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ने और चंद्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने का ऐलान किया है।

इस गठबंधन का असर फतेहपुर की सभी छह विधानसभा सीटों जहानाबाद, बिंदकी, सदर, अयाह शाह, हुसैनगंज और खागा (सुरक्षित) पर भी पड़ सकता है। जिले में मुस्लिम और अनुसूचित जाति के मतदाताओं की भूमिका कई सीटों पर महत्वपूर्ण है। ऐसे में दोनों दलों का साथ आना सपा के पीडीए समीकरण के सामने नया विकल्प बन सकता है। हालांकि, विपक्षी मतों के बंटवारे से भाजपा को संभावित लाभ मिलने की चर्चा भी है। गठबंधन की घोषणा के बाद ओवैसी ने किसानों, कमजोर वर्गों के अधिकार और राजनीतिक भागीदारी को प्रमुख मुद्दा बताया, जबकि चंद्रशेखर आजाद ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को प्राथमिकता देने की बात कही। वहीं फतेहपुर में गठबंधन की चर्चा भी शुरू हो गयी है और रही बात सफलता की तो ये दोनों दलों के संगठन, प्रत्याशियों के चयन और मतदाताओं के समर्थन पर निर्भर करेगी।

गठबंधन के पदाधिकारियों ने क्या कहा

सामाजिक परिवर्तन मोर्चा के गठन से जनपद की सभी छः विधानसभा सीटों पर दलित – मुस्लिम (डीएम फैक्टर) समाज के लोग बढ़ – चढ़कर अपने प्रत्याशी को जिताने का काम करेंगे, चूँकि गठबंधन ने तय किया है कि प्रदेश की सभी सीटों पर प्रत्याशी लड़ाया जाएगा और दलित नेता चंद्रशेखर आजाद को प्रदेश का नया मुख्यमंत्री बनाया जाएगा जिससे सामाजिक न्याय और संविधानिक तरीके से प्रदेश को चलाया जा सकेगा।

– एडवोकेट मोहीउद्दीन (जिलाध्यक्ष–एआईएमआईएम)

सामाजिक परिवर्तन मोर्चा का गठन बहुजन, दलित और अल्पसंख्यक समाज की राजनीतिक भागीदारी मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है। हमारे नेता सांसद चंद्रशेखर आजाद और सांसद असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व में गठबंधन 2027 में मजबूत विकल्प बनेगा। पार्टी कार्यकर्ता इसकी नीतियों को जन–जन तक पहुंचाएंगे और जनपद की सभी सीटों पर जीत दर्ज करने का प्रयास किया जाएगा।

संजय कुमार वर्मा

(जिलाध्यक्ष–आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)

जनसुनवाई में एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि प्रत्येक मामले की गंभीरता से जांच कर उसका उचित समाधान कराया जाए।एसपी ने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल है। ऐसे में शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ संवेदनशीलता और सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न हो और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी की जाए। साथ ही शिकायतों की जांच निष्पक्षता के साथ करते हुए पीड़ितों को राहत दिलाने का प्रयास किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान कर उनमें सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत करना है। जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस प्रशासन ने आमजन की शिकायतों के प्रति अपनी गंभीरता और जवाबदेही का संदेश दिया।

एक करोड़ से संवरेगा 300 साल पुराना पासी बाबा मंदिर, नवंबर के अंत तक पूरा होगा विकास कार्य

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। जिले के जहानाबाद स्थित करीब 300 साल पुराने पासी बाबा मंदिर को जल्द ही धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में नई पहचान मिलने जा रही है। पर्यटन विभाग की ओर से लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से मंदिर परिसर का विकास कराया जा रहा है। परियोजना का 90 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। नवंबर माह के अंत तक सभी विकास कार्य पूरे होने की उम्मीद है।

परियोजना के तहत मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए यात्री शेड, इंटरलॉकिंग रास्ते, दिशा–सूचक बोर्ड और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। इससे मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन और विश्राम की बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। मंदिर के विकास से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल के अनुसार पासी बाबा मंदिर लगभग तीन सौ वर्ष पुराना है। यहां विभिन्न समुदायों के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर परिसर में स्थित पवित्र सरोवर का भी विशेष धार्मिक महत्व है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि सरोवर में स्नान करने से कुष्ठ सहित विभिन्न बीमारियों में राहत मिलती है। हालांकि, यह धार्मिक मान्यता है। मंदिर में प्रत्येक वर्ष बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशाल मेला लगता है, जिसमें विभिन्न जिलों से करीब 50 हजार श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर परिसर के विकास से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को भी बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार बड़े धार्मिक स्थलों के साथ गांवों में स्थित प्राचीन और कम चर्चित मंदिरों को भी पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने का प्रयास कर रही है। इससे श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलने के साथ स्थानीय कारोबारियों, कारीगरों और ग्रामीणों के लिए रोजगार एवं आय के नए अवसर पैदा होंगे। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने भी ग्रामीण धार्मिक स्थलों के विकास को पर्यटन विस्तार की महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थलों की सांस्कृतिक पहचान और स्थानीय परंपराओं को सुरक्षित रखते हुए बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।



सफलता पर मेधावी हुए सम्मानित, तकनीकी शिक्षा पर जोर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। बाबूगंज हाइवे पर स्थित पर इण्डियन कम्प्यूटर इंस्टीटयूट में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें ओ लेवल प्रतियोगिता में सफल मेधावियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं संस्थान के निदेशक लोकेश पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान लालगंज क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले सफल मेधावी सात्विक पाण्डेय, राज पटेल, विनीत यादव, राज गुप्ता, प्रतीक्षा यादव, नंदिनी वर्मा व संस्थान की शिक्षिका चांदनी तथा प्रबंधक प्रतिभा पाण्डेय सहित तेईस मेधावियों को अतिथियों ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। अतिथि वक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि आधुनिक दौर में तकनीकी शिक्षा का महत्व सफलता का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की मनायी गई जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़ । महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, संविधान सभा के सम्मानित सदस्य, कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत रत्न हजरत मौलाना अबुल कलाम आजाद जी की जयंती के शुभ अवसर पर राज्यसभा सांसद मा0 इमरान प्रतापगढ़ी जी के निर्देशन पर उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी दानिश माबूद के नेतृत्व में महुवार स्थित मदरसे में बच्चो को कॉपी, पेंसिल किट(पेंसिल, रबर, कटर) और बिस्किट–टॉफी वितरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चो को मौलाना अबुल कलाम आजाद का जीवन दर्शन समझाते हुए दानिश माबूद ने कहाकि उनका पूरा जीवन मानवतावाद, संयुक्त राष्ट्रवाद, धार्मिक सद्भाव, और शिक्षा पर आधारित था। विभाजन की विभीषिका के दौरान जब देश



सांप्रदायिक उन्माद की आग में जल रहा था, उस समय मौलाना आजाद ने दिल्ली की जामा मस्जिद की प्राचीर से गरजते हुए कहा थाकृ ष्अगर कोई फरिश्ता आसमान से उतरकर यह कहे कि 24 घंटे के भीतर स्वराज (आजादी) मिल सकता है, बशर्ते कि हम हिंदू–मुस्लिम एकता को छोड़ देंकृतो मैं स्वराज को ठुकरा दूंगा, लेकिन हिंदू–मुस्लिम एकता को नहीं छोडूंगा। क्योंकि स्वराज में देरी हुई तो यह सिर्फ भारत का नुकसान होगा, लेकिन अगर हिंदू–मुस्लिम एकता खो गई तो यह पूरी मानवता का नुकसान होगा। उन्होंने द्वि–राष्ट्र सिद्धांत (ज्ूव–छंजपवद जैमवतल) का आजीवन प्रखर विरोध किया। देश के पहले शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने देश के पहले आईआईटी, यूनियन ग्रांट कॉमिशन (यूजीसी), भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के विस्तार, और संगीत–नाटक, साहित्य व ललित कला अकादमी की स्थापना कर एक नवजात राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की दिशा दी थी। कार्यक्रम का संचालन कर रहें हाफिज मोहम्मद बिलाल नदवी ने उनको गंगा जमुनी तहजीब का सशक्त हस्ताक्षर बताते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत मे सभी ने उनको खिराजे अकीदत(श्रद्धांजलि) पेश किया। मुख्य रूप से शाहिद अली, कांग्रेस वरिष्ठ नेता अब्दुल माबूद मुब्बी, खुशनूद अहमद, रियाज सुल्तान, मोहम्मद दिलशाद, गल्ली तिवारी, अरबाज आलम, राजू खान, सुरेश सरोज, शाद सिद्दीकी, उत्कर्ष उपाध्याय, मो इदरीस, आरिफ, उजैर मसऊदी, हाफिज मोहम्मद सुहैल, मोहम्मद उसामा, मो वसीम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

सपा के जिला अध्यक्ष का मनाया गया जन्म दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं द्वारा सुंदर कांड पाठ,प्रसाद वितरण करके मनाया गया। सपा कार्यकर्ताओं ने तिवारीपुर, कुंडा स्थित कैम्प कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव का जन्म दिन बहुत ही धूमधाम से मनाया।हजारों की संख्या में पहुंचे जनपद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बहुत ही गर्मजोशी से पूजन–हवन के बाद छविनाथ यादव की तस्वीर के सामने केक काटकर मनाया।



इस दौरान उमेश यादव, संतोष पांडेय ,शमीम प्रमुख ,इरफान खान, संतोष यादव , उमा शंकर यादव, सोनू गुप्ता,पवन सरोज, अखिलेश यादव ,रमेश पासी, आदित्य मिश्रा, विजय पाल,रमेश यादव,केशव यादव, बदल गौतम, कमलेश मौर्या, सुशील पटेल, प्रदीप सरोज, ओम प्रकाश यादव ,राम बहादुर पटेल करोड़ीमल शर्मा, आर के भीम ,हरिश्चंद्र सरोज,अश्वनी सोनी, मनीष पाल, केदारनाथ यादव, कमलेश मधुकर ,राजेश सोनकर ,ऋषभ यादव, विनोद यादव, बच्चा यादव ,राज यादव समेत हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में दमखम दिखाएंगी प्रियंका निर्मल, विद्यालय ने दी आर्थिक सहायता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। डॉ. रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा प्रियंका निर्मल एसजीएफआई नेशनल स्कूल गेम्स 2026 की अंडर–17 राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गुरुवार को विद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक–शिक्षिकाओं और छात्र–छात्राओं ने प्रियंका का उत्साहवर्धन करते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन की कामना की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रियंका को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई, जिससे उन्हें प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के दौरान किसी तरह की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि प्रियंका की सफलता उसकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। विद्यालय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करता रहेगा। उन्होंने छात्रा को आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना के साथ मैदान में उतरने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि प्रियंका राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय के साथ कौशाम्बी जनपद का नाम रोशन करेंगी।



प्रातः काल एक्सप्रेस के जिला संवाददाता सुनील कुमार गुप्ता हुए सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। विंध्य गंगे श्री राम सेवा समिति की ओर से बुधवार को गुइहट्टी चौराहा पर भाईदूज का भरत मिलाप स्वागत, सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।



दोपहर तीन बजे से शुरू हुए कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या, भरत मिलाप का स्वागत, पुरस्कार वितरण और महाआरती का आयोजन किया गया। राम भक्ति से ओतप्रोत भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। भरत मिलाप के दृश्य को देखकर पूरा वातावरण राममय हो गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद मीरजापुर के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने प्रातः काल एक्सप्रेस न्यूज के जिला संवाददाता सुनील कुमार गुप्ता को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। समिति की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने की। संयोजक अभिषेक अग्रहरि व गणेश सेठ तथा प्रभारी संजय जोशी व देवी प्रसाद सेठ रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगरवासी, कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे।

भाईदूज पर भरत मिलाप समारोह में संयोजक अभिषेक अग्रहरी हुए सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। विंध्य गंगे श्रीराम सेवा समिति की ओर से भाईदूज के अवसर पर बुधवार को गुइहट्टी चौराहा पर आयोजित बाल भरत



मिलाप स्वागत, सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह में समिति के कार्यक्रम संयोजक अभिषेक अग्रहरी को उनके उत्कृष्ट संयोजन एवं सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। समिति की अध्यक्ष रीतू केशरी ने अभिषेक अग्रहरी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर, माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

पोषण योजनाओं की समीक्षा, आंगनबाड़ी भवनों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। विकास भवन में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण ट्रैकर के विभिन्न मानकों, बच्चों के पोषण स्तर, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), हॉट कुक्ड योजना एवं



पुष्टाहार उत्पादन इकाइयों की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को कुपोषित बच्चों को अधिक से अधिक एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिए। साथ ही अनुपूरक पुष्टाहार उत्पादन इकाइयों का प्रत्येक पखवाड़े निरीक्षण करने को कहा। नगर क्षेत्र के जिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर हॉट कुक्ड योजना के संचालन में परेशानी हो रही है, उन्हें अक्षय पात्र को सौंपने के निर्देश दिए गए। बैठक में आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण में देरी तथा पांच केंद्रों पर नल से जल योजना अधूरी होने और 63 केंद्रों पर कार्य शुरू नहीं होने पर नाराजगी जताई गई। संबंधित अधिकारियों को कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया गया। अक्षय पात्र के भोजन की गुणवत्ता, बर्तनों एवं रसोईघर की जांच कराने को भी कहा गया। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, पंचायत राज, एनआरसी, अक्षय पात्र सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

भाजपा के चारों मोर्चों की परिचयात्मक बैठक संपन्न

नवनियुक्त मोर्चा पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। गुरुवार को बरौधा कचार स्थित पं. दीनदयाल पुरम कॉलोनी के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर भाजपा किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचयात्मक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं मीरजापुर जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज जी ने सभी नवनियुक्त मोर्चा पदाधिकारियों



को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक मोर्चे की भूमिका संगठन को मजबूत बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पार्टी द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों से संगठन की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह, रविशंकर पांडेय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र बहादुर सिंह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार पटेल ,अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश भारती एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेश गोंड के साथ ही , भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा काशी राजन वर्मा जोशी पटेल, सुभाष जायसवाल, बाबूराम गुप्ता, भाष राय, रविन्द्र मौर्य, सुशील विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा , मुन्ना लाल वर्मा किशोरी सरोज, दीपक सरोज,सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री श्री अलंकार जायसवाल ने किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा ने दी।

कंपोजिट विद्यालय मुकुचवा में STEM लैब एवं STEM मोबाइल वैन का भव्य उद्घाटन, जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । जनपद के सिटी ब्लॉक स्थित कंपोजिट विद्यालय मुकुचवा में STEM लैब एवं STEM मोबाइल वैन का उद्घाटन जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यालय के शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

उद्घाटन के पश्चात जिलाधिकारी ने STEM लैब एवं STEM मोबाइल वैन का भ्रमण किया तथा इनमें उपलब्ध आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों, उपकरणों एवं गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आधारित व्यावहारिक शिक्षण की संभावनाओं को भी समझा।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नमिता सिंह ने ज्म्ड लैब एवं मोबाइल वैन के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि डंउजं भ्मंसजी प्देजपजनजम वित डवजीमत ंदक बेपसक (डंउजं भ्ण्ड) द्वारा व्तंबसम के सहयोग से संचालित यह पहल विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावशाली है। इससे बच्चों को पारंपरिक शिक्षण पद्धति से आगे बढ़कर प्रयोग, नवाचार एवं तकनीकी गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिल रहा है।

कार्यक्रम के दौरान डंउजं भ्ण्ड की ओर से सूर्य प्रताप मिश्रा द्वारा परियोजना एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों, गतिविधियों तथा जनपद में संचालित ज्म्ड पहल के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की गई। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ना तथा उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता एवं नवाचार की भावना विकसित करना है।

Mamta HIMC द्वारा व्तंबसम के सहयोग से जनपद मिर्जापुर के 100 सरकारी विद्यालयों में STEM आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए



कार्य किया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत 16 विद्यालयों में आधुनिक ज्म्ड लैब स्थापित की गई हैं, जबकि अन्य विद्यालयों के विद्यार्थियों तक ज्म्ड मोबाइल वैन के माध्यम से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित, रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (।ै) जैसी आधुनिक तकनीकों की समझ विकसित की जा रही है।

इस पहल का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन, रचनात्मकता, समस्या समाधान एवं नवाचार की क्षमता विकसित करना तथा उन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप 21वीं सदी के कौशलों से सशक्त बनाना है। सृजन और जानने की उत्सुकता से ही व्यक्तित्व का विकास वन कुमार गंगवार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कहा कि वही विद्यार्थी आगे चलकर उल्लेखनीय कार्य कर सकता है, जिसमें सृजन की प्रवृत्ति हो तथा कुछ नया जानने के लिए प्रश्न पूछने में कोई हिचक न हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर जिज्ञासा, रचनात्मकता और स्वतंत्र रूप से सोचने की क्षमता विकसित करना भी होना चाहिए।

ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मासिक निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएमध्वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा, निगरानी एवं रख-रखाव से संबंधित व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में स्थापित अग्निशमन यंत्रों की वैधता अवधि एवं उनकी कार्यशीलता की जांच की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अग्निशमन उपकरण निर्धारित मानकों के अनुरूप सदैव क्रियाशील स्थिति में रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता



का परीक्षण कर निगरानी व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को पूरी सतर्कता, सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट की सुरक्षा निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। इसकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने वेयरहाउस की समस्त सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं संबंधित अभिलेखों का भी अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सभी व्यवस्थाएं नियमित रूप से दुरुस्त रखी जाएं और सुरक्षा संबंधी मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के अवसर पर उप निदेशक कृषि रामप्रवेश, ए आर कोऑपरेटिव सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजय, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

भदोही में महिलाओं को अधिकारों और सुरक्षा की जानकारी दी, मिशन शक्ति अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर, सरकारी योजनाओं और कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही जिले में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अभियान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की निगरानी में चलाया गया। जिले के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकियों ने बाजारों, स्कूल-कॉलेजों के आसपास के कोचिंग और लाइब्रेरी संस्थानों और भीड़भाड़ वाली सार्वजनिक जगहों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं से बातचीत की। उन्हें छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से सतर्क रहने और बचाव के तरीकों की जानकारी दी। पुलिसकर्मियों ने कहा कि वे बिना डर या संकोच के अपनी बात साझा कर सकती हैं। अभियान में उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तीकरण योजनाओं, पॉक्सो एक्ट, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। आपात स्थिति में मदद के लिए 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) पर संपर्क करने का तरीका भी बताया गया। जागरूकता पर्चे बांटे गए। भदोही पुलिस ने कहा कि वह महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए लगातार काम कर रही है।

विकास की चमक के बीच जाम से बेहाल काशी, अतिक्रमण ने बढ़ाई परेशानी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। भाजपा की कार्यकारिणी में काशी की तस्वीर भले ही विकास और सौंदर्यीकरण के कारण आकर्षक नजर आ रही हो, लेकिन शहर की जाम समस्या आज भी आम जनता के लिए मुसीबत बनी हुई है। सड़कों पर अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग



और ठेला-खोमचे वालों के कब्जे के चलते लोगों को प्रतिदिन आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला गुरुवार का है, जब भेलूपुर से रेवड़ी तालाब जाने वाले मार्ग पर भीषण जाम की स्थिति बनी रही। सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान यातायात पुलिस जाम समाप्त कराने के लिए मशक्कत करती नजर आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेवड़ी तालाब मार्ग पर अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है, लेकिन अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं शिवाला मार्ग पर भी शाम होते ही जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार अंग्रेजी शराब की दुकान के आसपास वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है। नागरिकों ने जिला प्रशासन और यातायात विभाग से अतिक्रमण हटाने तथा अव्यवस्थित पार्किंग पर अंकुश लगाने की मांग की है।

महापर्व छठ पूजा के आयोजन को लेकर बरेका स्थित सूर्य सरोवर पर तैयारियां जोर-शोर से जारी

साफ-सफाई, सुरक्षा, विद्युत प्रकाश एवं श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए किए जा रहे विशेष प्रबंध

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी, 12 नवंबर। लोक आस्था, पवित्रता एवं सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा के भव्य आयोजन को लेकर बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) स्थित सूर्य सरोवर परिसर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत प्रकाश, सजावट एवं आवागमन को सुगम बनाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं।



छठ पूजा के अवसर पर सूर्य सरोवर परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत झालरों एवं आकर्षक रोशनी से सजाया जा रहा है, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय एवं उत्सवी वातावरण से आलोकित हो उठेगा।

जन संपर्क अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि बरेका प्रशासन द्वारा छठ महापर्व को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालु सुविधाजनक रूप से इस पावन पर्व में सहभागिता कर सकें।

उल्लेखनीय है, कि बरेका स्थित सूर्य सरोवर में प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दौरान हजारों की संख्या में व्रती महिलाएं, पुरुष एवं श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि तथा मंगलमय जीवन की कामना करते हैं। इस अवसर पर छठ व्रतियों की अटूट आस्था, लोक परंपरा एवं भक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिलता है।

विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों में जुटा प्रशासन, जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दिया प्रशिक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा पुलिस सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन संबंधी दायित्वों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी पूरी सतर्कता एवं जवाबदेही से कार्य करें। उन्होंने बताया कि जनपद में 704 मतदान केंद्रों पर 1,379 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इनके प्रभावी प्रबंधन एवं निगरानी के लिए 92 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 10 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। अधिकारियों को अपने आवंटित क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं, पहुंच मार्गों एवं संवेदनशीलता का निरीक्षण करने तथा सूचनाओं का समयबद्ध प्रेषण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं मतदान केंद्रों के निरीक्षण की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों की पहचान, कानून-व्यवस्था तथा पुलिस-प्रशासन के बीच समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

बीजेपी ने बनाये 403 विधानसभा सीटों पर प्रभारी

गोरखपुर सदर से विवेकानंद, गाजियाबाद से मीनाक्षी को जिम्मेदारी

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने 403 सीटों पर प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं. प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने विधानसभा प्रभारियों के नामों का ऐलान किया। ये अपने–अपने विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से समन्वय कर पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाएंगे। गोरखपुर सदर सीट से विवेकानंद वर्मा, अमरोहा सीट से सुरेश सैनी, गाजियाबाद सीट से मीनाक्षी, मोदीनगर सीट से गोविंद चौधरी को प्रभारी बनाया गया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने श्एक्सश पर पोस्ट कर बीजेपी, गोरखपुर क्षेत्र के नवनियुक्त विधानसभा प्रभारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।बीजेपी ने संगठनात्मक प्रांतों के हिसाब से विधानसभा सीटों पर प्रभारी नियुक्त किए हैं। इनमें अवध क्षेत्र में 82, काशी क्षेत्र में 71, कानपुर–बुंदेलखंड में 52, पश्चिमी यूपी में 71, गोरखपुर क्षेत्र में 62 और ब्रज क्षेत्र में 65 प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।सुरेश सैनी अमरोहा विधानसभा क्षेत्र प्रभारी बने है। मुरादाबाद की बिलारी सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।सुरेश सैनी 2012 में मुरादाबाद देहात और 2016 के उपचुनाव और 2017 के विधानसभा चुनाव में बिलारी सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। वे तीनों चुनाव सपा प्रत्याशी से हार गए थे।मीनाक्षी भराला को गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी बनाई गई हैं। आजमगढ़ की 344 गोपालपुर के लिए ऋषिकान्त राय, 345 सगड़ी के लिए सबल सिंह पालीवाल, 346 मुबारकपुर के लिए रमाकान्त मिश्रा, 347 आजमगढ़ सदर के लिए हनुमन्त प्रसाद सिंह और 352 मेंहनगर (सु.) के लिए आदित्य राय प्रभारी बनाए गए हैं। कुशीनगर में 329 खड्डा के लिए धरनीधर राम त्रिपाठी, 330 पडरौना के लिए मारकण्डेय शाही, 331 तमकुहीराज के लिए अजय उपाध्याय, 332 फाजिलनगर के लिए संजय राव, 333 कुशीनगर के लिए कुंज बिहारी सिंह, 334 हाटा के लिए मारकण्डेय तिवारी और 335 रामकोला सु. के लिए बलराम उपाध्याय को प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।गोरखपुर की 320 कैम्पियरगंज के लिए राजेन्द्र निषाद, 321 पिपराईच के लिए प्रमोद शाही, 324 सहजनवां के लिए जगदम्बा श्रीवास्तव, 325 खजनी सु.के लिए आनंद कुमार त्रिपाठी, 326 चौरीचौरा के लिए संतोष दत्त राय, 327 बांसगांव सु. के लिए रमेश सिंह और 328 चिल्लूपार के लिए संतोष राय प्रभारी बनाए गए हैं।गोरखपुर महानगर में 322 गोरखपुर सदर के लिए विवेकानन्द वर्मा और 323 गोरखपुर ग्रामीण के लिए उमाशंकर साहनी को जिम्मेदारी दी गई है। देवरिया में 336 रुद्रपुर के लिए गुलाब ध्वज मन्थ्य सिंह, 337 देवरिया के लिए संजय सिंह, 338 पथरदेवा के लिए हेमन्त पाठक, 339 रामपुर कारखाना के लिए राधेश्याम सिंह, 340 भाटपार रानी के लिए विनोद गुप्ता, 341 सलेमपुर सु. के लिए दिवाकर मणि त्रिपाठी और 342 बरहज के लिए नित्यानन्द मिश्र को प्रभारी नियुक्त किया गया है. बलिया में 357 बेल्थरारोड सु. के लिए संजय सिंह विशेन, 358 रसड़ा के लिए राकेश मिश्रा, 359 सिकन्दरपुर के लिए अखिलेश त्रिपाठी, 360 फेफना के लिए अखिलेश तिवारी, 361 बलिया सदर के लिए प्रशांत गुप्ता, 362 बांसडीह के लिए अखिलेश राजभर और 363 बैरिया के लिए संतोष सिंह को प्रभारी बनाया गया है।बस्ती में 307 हर्रैया के लिए लालजी त्रिपाठी, 308 कप्तानगंज के लिए सेतराम राय, 309 रूधौली के लिए दिलीप चतुर्वेदी, 310 बस्ती के लिए राकेश मिश्रा और 311 महादेवा सु के लिए रामललित चौधरी को जिम्मेदारी मिली है।मऊ में 353 मधुबन के लिए संतोष जायसवाल, 354 घोसी के लिए दिवाकर सिंह, 355 मुहम्मदाबाद गोहना सु. के लिए नकुल चौबे और 356 मऊ सदर के लिए उपेन्द्र पाण्डेय प्रभारी बनाए गए हैं।महराजगंज में 315 फरेंदा के लिए डॉ. आरडी. सिंह, 316 नौतनवां के लिए जय प्रकाश उपाध्याय, 317 सिसवां के लिए राधेश्याम पाण्डेय, 318 महराजगंज सु. के लिए निरंकार त्रिपाठी और 319 पनियरा के लिए यश बहादुर सिंह को प्रभारी नियुक्त किया गया है। लालगंज में 343 अतरौलिया के लिए राकेश मिश्रा, 348 निजामाबाद के लिए सच्चिदानन्द सिंह, 349 फूलपुर पवई के लिए शैलेश राजभर, 350 दीदारगंज के लिए अरविन्द सिंह और 351 लालगंज सु. के लिए डॉ० महेश्वरी कान्त पाण्डेय को जिम्मेदारी दी गई। संतकबीरनगर में 312 मेहदावल के लिए रामचरण चौधरी, 313 खलीलाबाद के लिए केशमान राय और 314 धनघटा सु. के लिए मानस भूषण राम त्रिपाठी प्रभारी बनाए गए हैं. सिद्धार्थनगर में 302 शोहरतगढ़ के लिए मनोज राम त्रिपाठी, 303 कपिलवस्तु सु. के लिए आनन्द सिंह कलहंस, 304 बांसी के लिए दिवाकर मिश्र, 305 इटवा के लिए अश्विनी उपाध्याय और 306 डुमरियागंज के लिए रवि सिंह को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

न शिव के, न राम–कृष्ण के सगे हैं

योगी के भैंस चराने वाले बयान पर भड़के अखिलेश

लखनऊ, संवाददाता। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के सैफई में कहीं भैंस चरा रहे होते वाले बयान पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा पलटवार किया है। अखिलेश ने मुख्यमंत्री योगी पर गोपालकों का अपमान करने के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का बयान अक्षम्य है। अखिलेश ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में हार की आशंका से मुख्यमंत्री की हताशा बढ़ती जा रही है और इसी वजह से उनकी भाषा का स्तर गिर रहा है।सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबी पोस्ट लिखकर योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। गोपालकों को अपशब्द कहकर सीएम ने प्रकारांतर से गोपाल यानी भगवान श्रीकृष्ण का अपमान किया है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सनातन धर्म से अलग अपनी सत्ता स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में पाल समाज पर लाठीचार्ज और राजमाता अहिल्याबाई होल्कर से जुड़ी प्रतिमा के कथित अपमान का मुद्दा उठाया।सपा अध्यक्ष ने लिखा पाल समाज को लाठी से पिटवाया था और गडरियों के होल्कर समाज से आनेवाली शिवजी की परम भक्त राजमाता देवी अहिल्याबाई जी की शिवलिंग ली हुई प्रतिमा का वाराणसी में घोर तिरस्कार किया था। ये न भगवान शिव के सगे हैं, न भगवान राम के, न भगवान कृष्ण के और न ही देवी अहिल्याबाई के। अखिलेश ने मुख्यमंत्री को सलाह दी कि सनातनी वस्त्र पहनकर निम्नस्तरीय भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मुख्यमंत्री संवैधानिक पद पर बैठे हैं और उन्हें सार्वजनिक मर्यादा के साथ अपने पद की प्रतिष्ठा का भी ध्यान रखना चाहिए। अखिलेश ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का व्यवहार पत्रकारों, अधिकारियों और अन्य लोगों के प्रति भी अपमानजनक रहा है।अखिलेश यादव ने 2024 और 2026 की हार का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री 2027 में होने वाली हार से डर गए हैं। उन्होंने दावा किया कि जितनी अधिक हताशा बढ़ेगी, भाषा उतनी ही नीचे गिरती जाएगी। अखिलेश ने कहा कि अगर भाजपा को अपनी जीत का भरोसा होता तो मुख्यमंत्री विपक्ष पर हमला करने के बजाय अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव को पांच प्रतिशत अहंकारियों और वर्चस्ववादियों बनाम 95 प्रतिशत पीडीए के बीच की लड़ाई बताया।

ओपी राजभर का अखिलेश यादव पर तंज, बोले– अफवाह फैलाकर यादव को कर रहे बर्बाद



लखनऊ, संवाददाता। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए निशाना साधा है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, अखिलेश यादव, आप तो अभी तक सो ही रहे होंगे, लेकिन आपका पीडीए यानी पीट देगा अहीर आपके सीएम बनने की अफवाह भर से सो ही नहीं रहा है। ओपी राजभर ने इटावा की घटना का जिक्र करते हुए लिखा कि इटावा का गुंडा बिट्टू यादव अखिलेश यादव की दो–चार प्रेस कॉन्फ्रेंस देखकर इतना मनबढ़ हो गया कि उसको लगने लगा है कि अब तो उसकी गुंडई का राज वापस आने ही वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी हनक और सनक में उसने दलित चंद्रमोहन दिवाकर की संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश की। जनता ने रोकने की कोशिश की तो पहले जमकर गालियां दीं और फिर दलित चंद्रमोहन दिवाकर को बुरी तरह से पीटा। ओपी राजभर ने बाराबंकी की घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि बाराबंकी में तो आपका गुंडा प्रमोद यादव और भी आगे निकल गया। उसने दलित दिलीप पासी को पीट–पीटकर जान से मार डाला। ओम प्रकाश राजभर ने अखिलेश यादव से सवाल करते हुए लिखा, क्या एक तरफ आपके चाचा बोलते हैं कि कोई गुंडई करे तो उसे पार्टी से बाहर निकाल दो और वहीं दूसरी तरफ आपके गुंडे अपनी मनमानी कर रहे हैं, जब मन तब दलितों से मारपीट और गाली–गलौज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सही कहते हैं, आप लोगों ने हर चौराहे पर गुंडों को पाल रखा है। राजभर ने पोस्ट में लिखा, मित्र अखिलेश जी, नींद और भ्रम की दुनिया से बाहर आइए और अपने गुंडों को कंट्रोल कीजिए। बताइए कि यादव–यादव बोलकर ज्यादा सीना न ठोंकें, नहीं तो यूपी पुलिस ऐसे लोगों की ऐंठन दूर करने में बहुत काबिल है। फिर आप कहेंगे कि यादव के साथ गलत हो रहा है। उन्होंने एक्स पोस्ट के अंत में लिखा, आपका काम यादव को फंसाना नहीं है, लेकिन अफवाह फैलाकर उन्हें बर्बाद कर रहे हैं। खैर, आप जानें। जय भारत, जय श्री राम, जय श्री कृष्ण, जय परशुराम, जय महाराजा सुहेलदेव।

68,500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने पंकज चौधरी से लगाई गुहार, मिला न्याय का भरोसा

लखनऊ, संवाददाता। 68500 सहायक अध्यापक भर्ती–2018 में आरक्षण की विसंगतियों को लेकर अभ्यर्थियों का संघर्ष लगातार जारी है। पिछले 73 दिनों से इको गार्डन में धरना दे रहे अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद पंकज चौधरी से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई। अभ्यर्थियों ने ज्ञापन सौंपकर आरक्षण संबंधी विसंगतियों को दूर करने और पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने मामले के जल्द समाधान का भरोसा दिलाया है। अनवरत धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अभ्यर्थी तूफान सिंह व आशुतोष वर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी पिछले आठ वर्षों से 68,500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण संबंधी विसंगतियों को दूर कराने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा जारी आदेशों और संस्तुतियों का अनुपालन करते हुए ओबीसी वर्ग को आरक्षित श्रेणी का लाभ दिया जाए तथा परिणाम संशोधित कर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की जाए। अभ्यर्थियों ने ओबीसी आरक्षण के साथ दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनके आश्रित अभ्यर्थियों को भी नियमानुसार आरक्षण का लाभ देने की मांग उठाई। उनका कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण संबंधी नियमों का पालन सुनिश्चित कर पात्र अभ्यर्थियों के साथ न्याय किया जाना चाहिए। तूफान सिंह ने कहा कि अभ्यर्थी इससे पूर्व प्रदेश सरकार के कई कैबिनेट मंत्रियों, बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदार मंत्रियों एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर भी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। प्रत्येक बार कार्यवाही का आश्वासन मिला, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो सका है। इसी क्रम में तूफान सिंह, आशुतोष वर्मा और नवीन चौधरी सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष एवं लोक सभा सांसद पंकज चौधरी से मुलाकात कर पूरे प्रकरण से अवगत करा कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन लेने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अभ्यर्थियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके प्रकरण पर वार्ता चल रही है। वे स्वयं इस मामले का समाधान कराना चाहते हैं और जल्द से जल्द अभ्यर्थियों के साथ न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार दलितों पिछड़ों के साथ है उनके साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। आठ वर्षों से नियुक्ति और आरक्षण संबंधी विसंगतियों के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों ने प्रदेश अध्यक्ष के आश्वासन पर उम्मीद जताई है। उनका कहना है कि अब सरकार को आयोगों के आदेशों और संस्तुतियों के अनुरूप कार्रवाई कर पात्र अभ्यर्थियों को उनका अधिकार देना चाहिए।

दीदी मिठाई छीन लेती है, हमें मारती है

डीएम की पत्नी के सामने बाल सुधार गृह के बच्चों ने बयां किया दर्द

केयरटेकर अंकिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज

लखनऊ, संवाददाता। बागपत में दीपावली के मौके पर एक बाल संरक्षण गृह बालगृह की खौफनाक हकीकत उस वक्त सामने आई, जब खुद जिलाधिकारी दिव्यांशु पटेल की पत्नी स्वाति सहगल वहां पहुंचीं। बच्चों को मिठाई बांटने गईं स्वाति के सामने बच्चों ने मारपीट, धमकी और उत्पीड़न का जो दर्द बयां किया, उसने पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा दिया। डीएम के सख्त निर्देश के बाद बालगृह की केयरटेकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दीदी हमें मिठाई नहीं खाने देतीं दीपावली के दिन स्वाति सहगल अपनी बेटी और सास के साथ सरूरपुर कलां गांव स्थित शक्षितिज बाल एवं शिशु गृह पहुंची थीं। उन्होंने बच्चों को गोद में दुलारा और उन्हें मिठाई व उपहार बांटे। वह बच्चों से बात कर रही थीं, तब एक मासूम का दर्द छलक उठा। बच्चे ने बड़ी मासूमियत से कहा, दीदी हमें मिठाई नहीं खाने देतीं, ये खुद खा लेती हैं। यह सुनकर स्वाति सहगल हैरान रह गईं। इसके बाद उन्होंने अलग–अलग बच्चों से एकांत में बात की। बच्चों ने बताया कि उनके साथ मारपीट की जाती है और सामान मांगने पर उन्हें धमकाया जाता है। एक बच्चे ने यहां तक कहा कि आपके जाने के बाद ये सारे गिफ्ट और मिठाइयां छीनकर अपने घर ले जाएंगी। बालगृह से लौटने के बाद स्वाति सहगल ने पूरी घटना डीएम दिव्यांशु पटेल को बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने तुरंत जिला प्रोबेशन अधिकारी राहुल वर्मा को जांच के सख्त निर्देश दिए। 10 नवंबर को प्रोबेशन अधिकारी ने बालगृह का औचक निरीक्षण किया और बच्चों के बयान दर्ज किए। जांच में बच्चों की शिकायतों की पुष्टि होने के बाद, चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर वंदना गुप्ता की तहरीर पर बागपत कोतवाली पुलिस ने केयरटेकर अंकिता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली–सहारनपुर हाईवे किनारे स्थित धर्मशाला में श्घरौंदा वेलफेयर सोसायटीश द्वारा संचालित बालगृह में छह माह से लेकर सात साल तक के पांच बच्चे रह रहे हैं। 15 अगस्त 2026 से यहां बच्चों की देखभाल की जा रही है। बालगृह में रह रही दो बच्चियों की कहानी बेहद मार्मिक है। इनमें से एक बच्ची जन्म के तुरंत बाद नाली में पड़ी मिली थी, जबकि दूसरी बच्ची रेलवे ट्रैक के किनारे झाड़ियों से बरामद हुई थी।

खाद्य प्रसंस्करण योजनाओं को लेकर किसानों, महिलाओं, युवाओं और उद्यमियों को किया जाए जागरूक–केशव

खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों पर 5 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी



लखनऊ, संवाददाता। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव बीएल मीणा को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश सरकार की खाद्य प्रसंस्करण 2023 संबंधी योजनाओं और उनमें उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं प्रोत्साहन का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाए। किसानों, कृषि उद्यमियों, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों , किसान उत्पादक संगठनों तथा महिला उद्यमियों को इन योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे वे कृषि उत्पादों के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन, भंडारण और निर्यात के क्षेत्र में आगे आ सकें। उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की अपार संभावनाएं हैं। सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने, कृषि उत्पादों की बर्बादी रोकने, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाना है। इसके लिए विभाग योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करे। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए प्लांट, मशीनरी और तकनीकी सिविल कार्य पर 35 प्रतिशत, अधिकतम पांच करोड़ रुपये तक पूंजीगत सब्सिडी का प्रावधान है। इकाइयों के विस्तार एवं आधुनिकीकरण पर भी 25 से 35 प्रतिशत तक सहायता दी जा सकती है। भूमि खरीद पर 100 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी छूट, भूमि उपयोग परिवर्तन शुल्क में 50 प्रतिशत छूट तथा पात्र परियोजनाओं में बाह्य विकास शुल्क पर 75 प्रतिशत छूट जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। कोल्ड चेन, मूल्य संवर्धन, एग्रो प्रोसेसिंग क्लस्टर और बैकवर्ड–फॉरवर्ड लिंकेज विकसित करने के लिए भी आकर्षक अनुदान की व्यवस्था है। पात्र परियोजनाओं में 10 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जा सकती है।

संक्षिप्त

डालीगंज जैन बाग में तीर्थंकर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के डालीगंज स्थित जैन बाग में गुरुवार को तीर्थंकर जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। श्री मज्जिनेन्द्र जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव में तीर्थंकर बालक के जन्म पर धार्मिक अनुष्ठान हुए। अयोध्या नगरी में बधाइयां गूंजीं और श्रद्धालुओं ने नृत्य–संगीत के बीच जन्मोत्सव मनाया। इस दौरान 1008 कलशों से अभिषेक किया गया। पांच दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव आचार्य 108 सुबल सागर महाराज के ससंघ मंगल सानिध्य में आयोजित हो रहा है। सन्मति रत्न, सिद्धचक्र आराधक और प्रज्ञा श्रमण की उपस्थिति में धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। जन्म कल्याणक पर सुबह 7 बजे जिनाभिषेक और नित्य आराधना के साथ कार्यक्रम शुरू हुए। इसके बाद अयोध्या नगरी में तीर्थंकर बालक के जन्मोत्सव की खुशियां मनाई गईं। सौधर्म इंद्र सभा और उनके नगरी आगमन का दृश्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद तीर्थंकर बालक को ऐरावत हाथी पर बैठाकर पांडुक वन ले जाया गया। यहां 1008 कलशों से अभिषेक और जन्म कल्याणक पूजन हुआ। धार्मिक प्रस्तुतियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। महोत्सव में आचार्य सुबल सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को दिव्य देशना दी। शाम 7 बजे महाआरती और शास्त्र सभा आयोजित की जाएगी। रात 7.30 बजे बाल क्रीड़ा, तीर्थंकर बालक का पालन और अन्य धार्मिक प्रसंगों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। मीडिया प्रभारी पार्श्व कुमार जैन ने बताया कि पांच दिवसीय महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजकों ने धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

आपदा मित्रों ने की 20 लाख बीमा और 26,910 न्यूनतम मासिक वेतन की मांग

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में गुरुवार को उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एसोसिएशन के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर बढ़ने की कोशिश की। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे वर्ष 2018 से सरकार और राहत आयुक्त के निर्देश पर आपदा प्रबंधन से जुड़े काम कर रहे हैं। बाढ़, भूकंप और कोरोना जैसी आपदाओं के अलावा कुंभ, माघ मेला, सावन मेला और गणतंत्र दिवस परेड में भी ड्यूटी करते रहे हैं। इसके बावजूद उनकी मांगों पर सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राज किशोर ने कहा कि आपदा मित्रों को वर्ष 2018 में आईडी कार्ड और किट दी गई थी। इसके बाद से वे पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर आपदा के समय लगातार सेवाएं दे रहे हैं। अग्नि सचेतक और नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण जैसे कार्यों में भी सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से घोषित 5 लाख रुपए की बीमा राशि को बढ़ाकर 20 लाख रुपए किया जाए। सभी आपदा मित्रों को 26,910 रुपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन दिया जाए। इसके साथ ही उन्हें औपचारिक रूप से आपदा कर्मचारी घोषित किया जाए। एसोसिएशन ने आपदा मित्रों और आपदा सखियों के लिए स्वास्थ्य बीमा, ईएसआई, पीएफ और रिटायरमेंट लाभ की मांग की है। संगठन का कहना है कि उन्हें सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षित विद्यालय और फायर ब्रिगेड से जुड़े कार्यों में भी जिम्मेदारी दी जाए। प्रदर्शनकारियों ने बीमा पॉलिसी, डीजी लॉकर सर्टिफिकेट और डिजिटल नंबर वाले नए आईडी कार्ड जारी करने की मांग भी उठाई। इसके अलावा मानसून से पहले ड्रेस और किट उपलब्ध कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

विधानसभा के सामने व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में विधानसभा गेट नंबर–3 के सामने गुरुवार को एक व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। बहराइच के कैसरगंज निवासी चंदन पत्नी और दो बच्चों के साथ विधानसभा पहुंचा था। जमीन विवाद से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। अचानक हुई घटना से मौके पर अफरा–तफरी मच गई। चंदन का आरोप है कि उसकी सौतेली मां ने उसकी जमीन पर कब्जा कर रखा है। इसको लेकर वह पिछले आठ महीने से अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। कई जगह शिकायत करने के बावजूद उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। पीड़ित के मुताबिक, उसने जमीन पर कब्जे को लेकर कई बार शिकायत की, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। लगातार न्याय की गुहार लगाने के बाद भी कार्रवाई न होने से वह परेशान था। इसी के चलते गुरुवार को पत्नी और दोनों बच्चों के साथ विधानसभा पहुंचा और खुद पर पेट्रोल डाल लिया।

किराने की दुकान और गोदाम में लगी भीषण आग, बीस लाख का सामान जलकर राख

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में दुबग्गा के यादव बाजार स्थित इटौली रोड पर गुरुवार सुबह किराने की दुकान और गोदाम में भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने दुकान और मकान के दोनों मंजिलों पर बने गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग से आटा, मैदा, दाल, चीनी, तेल, गुटखा और दोना–पत्तल समेत करीब 15 से 20 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भीषण थी कि लपटें दूर तक दिखाई देने लगीं। धुएं का गुबार उठता देख आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि घटना के समय मकान में कोई मौजूद नहीं था। इससे जनहानि नहीं हुई। यादव बाजार निवासी मनीष गुप्ता की इटौली रोड पर परचून की दुकान है। उनके दो मंजिला मकान के निचले हिस्से में दुकान और नीचे व ऊपरी हिस्से में सामान रखने के लिए गोदाम बना है। मनीष अपने परिवार के साथ इसी मकान में रहते हैं। मनीष के मुताबिक, भैया दूज के पर्व पर वह पत्नी के साथ ससुराल गए हुए थे। उनके छोटे भाई मिलन और परिवार के अन्य सदस्य पास ही फुलेश्वर मंदिर के निकट रहते हैं। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे मकान में आग लगने की जानकारी मिली। इसके बाद परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

जिला स्वच्छता समिति की बैठक में डीएम ने की समीक्षा, डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में तेजी लाने के दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संचालित योजनाओं, ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था, वित्तीय प्रगति, शौचालय निर्माण तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्रामीण स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। योजनाओं का प्रभाव धरातल पर दिखाई देना चाहिए तथा नियमित समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण में मिली कमी

बैठक में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण की विकासखंडवार समीक्षा में पाया गया कि कई ग्राम पंचायतों में यह कार्य नियमित रूप से संचालित नहीं हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने ग्राम सचिवों की जिम्मेदारी तय करते हुए कूड़ा संग्रहण, पृथक्करण एवं उचित निस्तारण की व्यवस्था प्रभावी बनाने तथा नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

शौचालय निर्माण और जियो टैगिंग

व्यक्तिगत शौचालय निर्माण



की समीक्षा में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जियो टैगिंग की प्रगति में वृद्धि हुई है। जिलाधिकारी ने कम प्रगति वाले विकासखंडों को विशेष कार्ययोजना बनाकर निर्माण एवं जियो टैगिंग का कार्य तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए। पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

धनराशि के पारदर्शी उपयोग के निर्देश

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्राप्त, व्यय एवं अवशेष धनराशि की समीक्षा की गई। बताया गया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए प्रथम एवं द्वितीय किस्त की धनराशि पात्र लाभार्थियों के खातों में भेजी जा चुकी है। वहीं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा पीडब्लूएमयू के निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को धनराशि की लिमिट उपलब्ध करा दी गई है। जिलाधिकारी ने धनराशि का पारदर्शी एवं नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित करने को कहा।

प्लास्टिक से बनेंगे इंटरलॉकिंग पेवर

प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीडब्लूएमयू) के निर्माण एवं संचालन की समीक्षा में बताया गया कि चयनित ग्राम पंचायतों में मशीनों की स्थापना का कार्य कराया जा रहा है। कुछ इकाइयों में संचालन की व्यवस्थाएं पूरी हो गई है, जबकि शेष में कार्य प्रगति पर है।

बैठक में कसया की ग्राम पंचायत कुड़वा उर्फ दिलीपनगर स्थित पीडब्लूएमयू के माध्यम से प्लास्टिक मिश्रित इंटरलॉकिंग पेवर निर्माण की प्रस्तावित कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। इसके तहत कसया, हाटा एवं फाजिलनगर के रिसोर्स रिकवरी सेंटरों से एकत्रित प्लास्टिक का प्रसंस्करण कर उपयोगी निर्माण सामग्री तैयार की जाएगी। जिलाधिकारी ने इस पहल को प्रोत्साहित करते हुए उत्पाद की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं विपणन की संभावनाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

FSTP और ODF प्लस मॉडल गांवों पर चर्चा

इसके अतिरिक्त फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) निर्माण के लिए स्थलों के चिह्नांकन की समीक्षा की गई। मोतीचक की ग्राम पंचायत सोनिया में स्थल चिह्नित किए जाने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने शेष स्थलों के चिह्नांकन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों के सत्यापन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, नालियों की सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा रिसोर्स रिकवरी सेंटरों के नियमित संचालन पर विशेष बल दिया। सामुदायिक शौचालयों को क्रियाशील रखने, साफ-सफाई, जलापूर्ति एवं रखरखाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में 15वें एवं पंचम वित्त आयोग के तहत ग्राम पंचायतों की वित्तीय प्रगति, पंचायत सहायकों के मानदेय, सहज जन सेवा केंद्रों के माध्यम से दी जा रही सेवाओं, अंत्येष्टि स्थलों, पंचायत भवन निर्माण तथा चयनित ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की भी समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण स्वच्छता एवं पंचायतों से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी आपसी समन्वय से लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराएं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक पीयूष सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, डीसी मनरेगा राकेश सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सिद्धार्थनगर में 16 से 30 नवंबर तक मनेगा 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा', नियम तोड़ने वालों पर कसेगा शिकंजा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौतों पर अंकुश लगाने के लिए शासन के निर्देश पर जनपद में आगामी 16 नवंबर से 30 नवंबर, 2026 तक 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' मनाया जाएगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), सिद्धार्थनगर द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार, पखवाड़े का उद्घाटन समारोह 16 नवंबर (सोमवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे एआरटीओ कार्यालय परिसर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही होंगे। इस दौरान वे सड़क सुरक्षा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाएंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में निर्माण एजेंसियों, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित बस, ट्रक, ऑटो यूनियन व एनजीओ के पदाधिकारी शामिल होंगे।

अभियान के दूसरे दिन 17 नवंबर को कार्यालय परिसर में बिना हेलमेट आने वाले समस्त कार्मिकों को सचेत करते हुए चेतावनी बोर्ड लगाया जाएगा और भविष्य में बिना हेलमेट आने वाले कार्मिकों का प्रवेश वर्जित कर उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। इसके अलावा पूरे पखवाड़े के दौरान जिले के सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों में प्रार्थना सभा के बाद छात्रों को सड़क सुरक्षा की जानकारी व शपथ दिलाई जाएगी। रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से परिसर में प्रवेश के समय बिना लाइसेंस व बिना हेलमेट आने वाले विद्यार्थियों व अभिभावकों की जांच कर उन्हें जागरूक किया जाएगा, साथ ही 21 व 24 नवंबर को विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठकें भी आयोजित होंगी।

पखवाड़े के दौरान परिवहन व पुलिस विभाग द्वारा तिथिवार सख्त प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 17 व 20 नवंबर को ओवरस्पीडिंग, स्टंट ड्राइविंग तथा स्कूली वाहनों की फिटनेस व ओवरलोडिंग की जांच होगी। 18 नवंबर को वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग व रील बनाने वालों पर कार्रवाई के साथ-साथ अनधिकृत डबल डेकर व डग्गामार बसों पर रोक लगाई जाएगी, वहीं इसी दिन राजकीय चिकित्सालयों में व्यावसायिक वाहन चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। 19 नवंबर को स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम व अवैध बस, टैक्सी व ई-रिक्शा स्टैंड हटाने की कार्रवाई होगी।

इसी क्रम में 20, 22 व 24 नवंबर को बिना हेलमेट (पीछे बैठी सवारी सहित), बिना सीट बेल्ट, दोपहिया पर तीन सवारी, बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट तथा शीशों पर काली फिल्म लगे वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की जाएगी। 21 व 23 नवंबर को मॉडिफाइड साइलेंसर, हूटर व प्रेशर हॉर्न के अलावा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने (अंडर एज ड्राइविंग), बिना लाइसेंस व बिना बीमा के वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा। 25 व 26 नवंबर को सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने व रात्रि के समय ड्रंकन ड्राइविंग के खिलाफ संयुक्त अभियान चलेगा। 26 व 27 नवंबर को ऑटो, ई-रिक्शा, बस व टैक्सी चालकों के संगठनों के साथ बैठक कर उन्हें नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अभियान के अंतिम चरण में 27 से 29 नवंबर के बीच वाहनों में मानक के अनुसार रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने, प्रदूषण जांच केंद्रों व मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की चेकिंग तथा गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पखवाड़े का समापन समारोह 30 नवंबर (सोमवार) को अपराह्न 2 बजे एआरटीओ कार्यालय, सिद्धार्थनगर में जनप्रतिनिधि द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन एनजीओ, गुड समेरिटन, मास्टर ट्रेनर व रोड सेफ्टी क्लब को सम्मानित किया जाएगा।

शोहरतगढ़ पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान, नियम तोड़ने वाले 27 वाहनों का 44,500 रुपये का ई-चालान



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'जेडएफडी' कार्यक्रम एवं यातायात माह के अंतर्गत गुरुवार को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में क्रिटिकल कॉरिडोर (सीसी) टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग व जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 27 वाहनों से 44,500 रुपये का ई-चालान वसूला गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी यातायात राजकुमार सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक शेषमणी पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। चेकिंग अभियान थाना क्षेत्र के खगरवार पुल तिराहा, रेहरवां तिराहा और पकड़ी चौराहा पर चलाया गया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों को रोककर यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। चालकों को बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा हमेशा नियंत्रित गति में ही वाहन चलाने की हिदायत दी गई। चेकिंग करने वाली टीम में सीसी टीम प्रभारी उपनिरीक्षक हरेंद्र शरण शुक्ल, आरक्षी कृष्णा नन्द सिंह, आरक्षी सुदामा यादव व आरक्षी नीतीश यादव शामिल रहे।

छठ पर्व को लेकर प्रशासन सतर्क, जिलाधिकारी ने जमुआर छठघाट का किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। छठ पर्व के दृष्टिगत तैयारियों का जायजा लेने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अंतर्गत आने वाले जमुआर छठघाट का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाट पर चल रही तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह को निर्देशित किया कि छठघाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करा ली जाएं। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिलाधिकारी ने क्षेत्राधिकारी नौगढ़ विश्वजीत सौरयान को घाट पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि छठ पूजा में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविन्द माधव, क्षेत्राधिकारी नौगढ़ विश्वजीत सौरयान, अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं के त्याग, परिश्रम और संगठनात्मक एकजुटता से मिलेगी ऐतिहासिक जीत -अशोक चौरसिया

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय सिविल लाइंस में प्रयागराज यमुनापार की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या, परिश्रम और संगठनात्मक एकजुटता के बल पर ही भाजपा ने विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने का गौरव हासिल किया है। बूथ, शक्ति केंद्र और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं की सामूहिक शक्ति ने ही विषम परिस्थितियों में 2014 और 2017 में ऐतिहासिक विजय का मार्ग प्रशस्त किया था। अब इसी ऊर्जा, समर्पण और संकल्प के साथ 2027 में भी ऐतिहासिक जीत का लक्ष्य हासिल करना है।अशोक चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास, सुशासन, जनकल्याणकारी योजनाओं और मजबूत कानून व्यवस्था के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। संगठन की असली ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। प्रत्येक पदाधिकारी को अपने दायित्वों का पूर्ण एहसास होना चाहिए, क्योंकि संगठन में हर पदाधिकारी एक मजबूत स्तंभ की भूमिका निभाता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि संगठन में पद की नहीं, कार्य और व्यवहार की अहमियत होती है। सभी पदाधिकारी परिवार के मुखिया की तरह नेतृत्व करें और छोटे-बड़े का भेदभाव किए बिना प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान सुनिश्चित करें। पूर्व और वर्तमान कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलें, उनका हाथ पकड़ें और संगठन की मजबूती के लिए सामूहिक प्रयास करें।

उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में पेंशनधारकों हेतु डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र एवं चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

प्रयागराज। भारत सरकार द्वारा पेंशनधारकों की सुविधा हेतु चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (अ३ण) अभियान 5.0 के अंतर्गत, महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे श्री नरेश पाल सिंह के कुशल दिशा-निर्देशन एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री मुदित चंद्रा के सक्रिय नेतृत्व में आज दिनांक 12.11.2026 को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज स्थित कार्मिक विभाग के सभागार में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्मिक विभाग के समापन अनुभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पेंशनधारकों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर के साथ-साथ उनकी सुविधा हेतु एक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया।मुख्यालय में आयोजित इस शिविर में उपस्थित पेंशनधारकों के मोबाइल फोन पर



'जीवन प्रमाण' ऐप के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए गए तथा उन्हें भविष्य के लिए इस पूरी प्रक्रिया से अवगत भी कराया गया। इस अवसर पर श्री जितेंद्र सिंह (सहायक कार्मिक अधिकारी/मुख्यालय) एवं डॉ. अर्पणा सक्सेना (वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ) विशेष रूप से उपस्थित रहे और पेंशनधारकों का मार्गदर्शन किया।शिविर में बैंक प्रतिनिधियों की भी सराहनीय सहभागिता रही, जिससे पेंशनधारकों को बैंकिंग संबंधी औपचारिकताओं में त्वरित सहायता मिली। इसके अतिरिक्त, शिविर में आए पेंशनधारकों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा के साथ-साथ ंिश्इ (मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली) के माध्यम से ई-पास प्राप्त करने की प्रक्रिया की भी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पेंशनधारकों को एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराना तथा विशेष रूप से वरिष्ठ एवं अशक्त पेंशनधारकों के लिए इन सुविधाओं को अधिक सुलभ, सरल और सुविधाजनक बनाना था।

महामना मालवीय जी के आदर्श और राष्ट्रसेवा के मूल्य सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे-अशोक चौरसिया

भाजपा यमुनापार जिला कार्यालय में पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व का किया स्मरण
शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रनिर्माण के लिए महामना का योगदान अविस्मरणीय : क्षेत्रीय अध्यक्ष

प्रयागराज। भारतीय शिक्षा के पुरोधा, दूरदर्शी विचारक एवं काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक, भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को भाजपा यमुनापार जिला कार्यालय सिविल लाइंस में काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने कहा कि महामना मालवीय जी ने शिक्षा को राष्ट्रनिर्माण, चरित्र निर्माण और सामाजिक जागरण का सशक्त माध्यम बनाया। उनका संपूर्ण जीवन त्याग, सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणादायी मिसाल है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र एवं समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।उन्होंने कहा कि महामना जी का शिक्षा के प्रति समर्पण, दूरदर्शी चिंतन और राष्ट्रसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी।

श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में जिलाध्यक्ष यमुनापार राजेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष गंगापार निर्मला पासवान, अवधेश गुप्ता, दिलीप कुमार चतुर्वेदी, अनिल सिंह, अनिल मिश्रा, पुष्पराज सिंह पटेल, सुधाकर सिंह, सविता मिश्र, रेवती पाल, दुबराज भारती, आरती सिंह एवं कुशल जैन सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



गांव में फैला डेंगू का कहर, दर्जनों लोग चपेट में, गांव में दहशत

जगह-जगह जलभराव और गंदगी के ढेर, सफाई कर्मी पर काम न करने का आरोप

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। भाग्यनगर विकास खंड की ग्राम पंचायत ममरेजपुरखाम के मजरा गांव नवादा में डेंगू बुखार का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। दर्जनों लोग चपेट में हैं, कई घरों में एक से अधिक लोग बुखार से पीड़ित हैं। गांव में जलभराव, नालियों में गंदगी और कूड़े के ढेर मच्छरों के पनपने का कारण बन रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार संजू यादव की पत्नी रीता दस दिन से और बेटी सेजन तीन दिन से बुखार से पीड़ित हैं, दोनों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसके अलावा कन्हैया लाल यादव, रश्मि, सोनी, विमल, निशा, सुरेंद्र, मुन्नू, गीता देवी, अर्चना देवी, हाकिम सिंह और गोविंद सहित कई अन्य ग्रामीण भी डेंगू से पीड़ित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी सफाई कर्मी गांव में सफाई करने नहीं आता। बृजमोहन ने बताया कि फोन पर बात करने पर सफाई कर्मी ने आने से मना कर दिया और कहा जहां शिकायत करनी हो कर दो। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच, एंटी लार्वा छिड़काव और सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।

स्लीपर बस में घुसा अनियंत्रित ई-रिक्शा, दो महिलाएं घायल

प्रातः काल एक्सप्रेस



औरैया। बेला थाना क्षेत्र के कानपुर मार्ग पर याकूबपुर के पास टायर फटने के कारण सड़क किनारे खड़ी स्लीपर बस में एक अनियंत्रित ई-रिक्शा जा घुसा। हादसे में ई-रिक्शा सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्लीपर बस का टायर फटने के कारण चालक ने बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। इसी दौरान बेला की ओर से आ रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर बस में जा घुसा। हादसे में ई-रिक्शा सवार रेखा देवी पत्नी रामजीवन निवासी मवई बिलवारी, थाना इंदरगढ़ और अवधेश कुमारी पत्नी फूल सिंह निवासी उम्मापुरवा, थाना तिर्वा घायल हो गईं। बताया गया कि रेखा देवी थाना रसूलाबाद क्षेत्र के मौजमपुर जा रही थीं, जबकि अवधेश कुमारी याकूबपुर के पास भोलापुर जा रही थीं। हादसे की सूचना पर थाना प्रभारी अनिलेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरक्षी विशाल तंवर और अंकुश चौधरी सहित पुलिसकर्मियों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बेला पहुंचाया। थाना प्रभारी अनिलेश कुमार ने बताया कि घायलों का अस्पताल में उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

'घुमंतू गौरव समागम' कार्यक्रम

डबल इंजन की सरकार हर घुमंतू परिवार को देगी आवास और जाति प्रमाण पत्र :असीम अरुण

प्रातः काल एक्सप्रेस



लखीमपुर खीरी। मितौली के ग्राम अकबरपुर में आयोजित 'घुमंतू गौरव समागम' में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि यह कार्यक्रम चुनाव या वोट के लिए नहीं, अधिकार मांगने के लिए है। डबल इंजन सरकार हर घुमंतू परिवार को आवास और जाति प्रमाण पत्र देगी। उन्होंने कहा कि घुमंतू विकास बोर्ड के बाद अब घुमंतू विकास मिशन शुरू होगा, जो आधार, आय प्रमाणपत्र आदि दस्तावेज बनवाने में मदद करेगा। विमुक्त जातियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार का सीधा लाभ मिल रहा है। पीएम व सीएम आवास योजना से पक्के मकान दिए जा रहे हैं। बच्चों को निःशुल्क शिक्षा और कक्षा 6 से 12 तक आवासीय विद्यालय की सुविधा मिल रही है।विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि घुमंतू समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। बस्तियों तक सड़क, बिजली, पानी, शौचालय और आवास पहुंचाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में लाभार्थियों को जाति प्रमाण पत्र व आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और शिशुओं का अनन्प्राशन भी कराया गया।

त्योहारों को लेकर एसएसपी ने शहर के प्रमुख बाजारों में किया पैदल गश्त, व्यापारियों से किया संवाद



प्रातः काल एक्सप्रेस

इटावा। आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने थाना कोतवाली क्षेत्र में पैदल गश्त किया।इस दौरान एसएसपी ने नौरंगाबाद चौराहा, तिकोनिया चौराहा, नगरपालिका चौराहा, राजागंज चौराहा एवं सीओ चौराहा सहित शहर के प्रमुख बाजारों, सर्राफा मार्केट और मुख्य मार्गों का भ्रमण किया। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव जाने तथा उन्हें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया।एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगामी त्योहारों के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने, बाजारों में नियमित गश्त करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर बबीता सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अवनीश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस द्वारा त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपनन् कराने के लिए लगातार गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है।

रोजांगला के 114 वीर अहीर सैनिकों को दिल्ली में दी जाएगी श्रद्धांजलि

18 नवंबर को तालकटोरा स्टेडियम में होगा रेजांगला शौर्य एवं यदुकुल सम्मान दिवस, एमपी के सीएम मोहन यादव होंगे मुख्य अतिथि

प्रातः काल एक्सप्रेस



सैफई/इटावा। रेजांगला युद्ध के 114 वीर अहीर सैनिकों के बलिदान को नमन करने के लिए 18 नवंबर को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में रेजांगला शौर्य एवं यदुकुल सम्मान दिवस आयोजित किया जाएगा। श्री कृष्ण यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव ने सैफई, इटावा, मैनपुरी सहित आसपास के जनपदों के लोगों से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है। जगदीश यादव ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांगला में 114 वीर अहीर सैनिकों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। नई पीढ़ी को उनके शौर्य से परिचित कराना आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। जो लोग लेह-लद्दाख नहीं जा पाते, उनके लिए दिल्ली में ही श्रद्धांजलि का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन सुबह 10 बजे शुरू होगा, दोपहर 2 बजे भोजन की व्यवस्था रहेगी और प्रवेश निशुल्क होगा। समारोह में शिक्षा, समाज सेवा, खेल, चिकित्सा, मीडिया सहित विभिनन् क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा। नाम व्हाट्सएप नंबर 9217582727 पर भेजे जा सकते हैं। साथ ही महासभा गरीब और मेधावी छात्रों को निशुल्क आईएएस-आईपीएस कोचिंग देने की पहल भी कर रही है।

लखीमपुर-खीरी में जुए के अड्डे पर पुलिस का छापा, 28 गिरफ्तार

1.66 लाख रुपये नकद और ताश की चार गड्डियां बरामद, मकान मालिक भी गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर-खीरी। अवैध जुए और सट्टेबाजी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली सदर पुलिस ने मोहल्ला सिकटिहा में एक मकान पर छापा मारकर जुए के अड्डे का खुलासा किया। पुलिस ने मौके से मकान मालिक समेत 28 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे और जुए के फड़ से कुल 1,66,691 रुपये नकद तथा ताश के पत्ते बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक खीरी डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, 11 नवंबर की रात प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर राजेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मोहल्ला सिकटिहा स्थित कन्हैयालाल के मकान में बड़ी संख्या में लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बाद क्षेत्राधिकारी सदर महक शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली सदर और महिला थाना की संयुक्त टीम ने मकान पर दबिश दी। पुलिस ने मौके से जुआ खेलते हुए मकान मालिक कन्हैयालाल सहित 28 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, जुए के फड़ से 1,47,839 रुपये तथा गिरफ्तार अभियुक्तों की जामा तलाशी में 18,852 रुपये बरामद हुए। इस प्रकार कुल 1,66,691 रुपये नकद बरामद किए गए। इसके अलावा ताश की चार गड्डियां और एक नीले रंग की पननी भी पुलिस ने कब्जे में ली। इस मामले में थाना कोतवाली सदर में मुकदमा संख्या 0923/2026 के तहत सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 की धारा 3/4 में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में क्षेत्राधिकारी सदर महक शर्मा, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, महिला थानाध्यक्ष बबिता पटेल सहित कोतवाली सदर और महिला थाना के पुलिसकर्मी शामिल रहे।

धरवार की रामलीला कार्यक्रम में शामिल हुए बदायूं सांसद अंकुर यादव

प्रातः काल एक्सप्रेस



जसवंतनगर/इटावा। क्षेत्र के बीएल रामलीला क्लब धरवार की ऐतिहासिक आठ दिवसीय रामलीला के सातवें दिन आयोजित कार्यक्रम में बदायूं सांसद अंकुर यादव शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

5 नवंबर से प्रारंभ हुई धरवार की ऐतिहासिक आठ दिवसीय रामलीला के सातवें दिन बदायूं सांसद अंकुर यादव विधायक प्रतिनिधि सोनू यादव के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के बाद सांसद अंकुर यादव ने सभी को दीपावली एवं भाई दूज की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों के बीच का ही हूं। मैंने अपने पिता के लिए इसी क्षेत्र में घर-घर जाकर वोट मांगे है। पिछले कई वर्षों से व्यस्तता के कारण धरवार की रामलीला में शामिल नहीं हो पा रहा था, लेकिन इस बार आप सभी के बीच पहुंचकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने रामलीला समिति को कार्यक्रम के सफल आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए भरोसा दिलाया कि भविष्य में विकास कार्यों के लिए रामलीला समिति द्वारा रखी जाने वाली हर मांग को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा. कार्यक्रम में समाजसेवी शैलेंद्र यादव विमलेश कुशवाहा, अखिलेश कुशवाहा, शैलेंद्र यादव, आचार्य प्रबल पांडेय, सहदेव यादव, अमन यादव, अजय सिंह चौहान (नीटू), अंकित पाल, सन्हेबाबू, सौरभ यादव, योगेश यादव, राजकुमार यादव, पंकज कुमार शर्मा, राज बहादुर प्रजापति (कक्का), आशू यादव, बीपी यादव, रामरक्षक बंसल एवं गोलू पाल सहित अनेक लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

पुलिस टीम ने तीन जुआरियों को दबोचा

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली औरैया पुलिस टीम द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत थाना औरैया पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक खाली प्लाट से 03 नफर अभियुक्तगण आकाश कुमार पुत्र संतोष कुमार उम्र करीब 28 वर्ष, रवी पुत्र अशोक कुमार उम्र करीब 32 वर्ष व अंकुर पाठक पुत्र मूलचन्द उम्र करीब 32 वर्ष सर्व निवासीगण गोविन्द नगर थाना कोतवाली औ?या जनपद औरैया को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 52 ताँश के पत्ते व 4600 रूपये नकद बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0 अ0 सं0 751/2026 धारा 13 जी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी है।



मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट का आदेश, हुसैनगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस



फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र में मारपीट, घर में घुसकर जानलेवा हमला करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-1 फतेहपुर ने पीड़ित पुष्पेन्द्र कुमार की ओर से दाखिल प्रार्थनापत्र स्वीकार करते हुए हुसैनगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने संबंधित थानाध्यक्ष को एक सप्ताह के अंदर मुकदमे की प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करने का भी आदेश दिया है। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान की प्रभावी और मजबूत पैरवी को अहम माना जा रहा है। न्यायालय में धारा 173(4) बीएनएसएस के तहत दाखिल प्रार्थनापत्र में पुष्पेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया कि एक अक्टूबर 2026 को शाम करीब चार बजे वह अपने दोस्त सचिन सिंह के साथ ट्यूबवेल जा रहे थे। इसी दौरान काली माता मंदिर के पास अजीत और रामू ने दोनों को रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने लात-घूंसों से मारपीट की। किसी तरह दोनों वहां से बचकर अपने घर पहुंच गए। आरोप है कि कुछ देर बाद अजीत और रामू सरिया तथा कुल्हाड़ी लेकर जबरन घर में घुस आए और दोबारा हमला कर दिया। इस दौरान अजीत ने सचिन के सिर पर कुल्हाड़ी के पिछले हिस्से से वार किया। सचिन के जमीन पर गिर जाने के बाद रामू ने सरिया से उसके सिर और सीने पर कई वार किए। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो दोनों आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। प्रार्थी के मुताबिक, घटना के दिन ही वह शिकायत लेकर हुसैनगंज थाने पहुंचा था। पुलिस ने तहरीर लेकर अगले दिन रिपोर्ट की नकल लेने के लिए बुलाया। दो अक्टूबर को सचिन का चिकित्सीय परीक्षण कराने के लिए सीएचसी हुसैनगंज भेजा गया। आरोप है कि तीन अक्टूबर को रिपोर्ट की नकल लेने पहुंचने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने से इनकार कर दिया। पुलिस की ओर से बताया गया कि पुष्पेन्द्र और सचिन के खिलाफ पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।वहीं, पुलिस की आख्या में बताया गया कि अजीत कुमार के पिता रामस्वरूप की शिकायत पर पुष्पेन्द्र कुमार और सचिन यादव के खिलाफ मुकदमा संख्या 262/2026 धारा 115(2), 352 और 351(2) बीएनएस के तहत पहले ही दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रार्थी पर दबाव बनाने के उद्देश्य से दूसरा मुकदमा दर्ज कराने का प्रयास करने की बात भी कही थी। मामले की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान ने पीड़ित पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय के समक्ष घटना से जुड़े तथ्यों, आरोपों और उपलब्ध साक्ष्यों को मजबूती से रखा। उन्होंने मेडिकल दस्तावेजों को भी महत्वपूर्ण आधार के रूप में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने पत्रावली में दाखिल मेडिकल रिपोर्ट का अवलोकन किया, जिसमें सचिन सिंह को कुल चार चोटें आने का उल्लेख था।

न्यायालय ने प्रार्थनापत्र में लगाए गए आरोपों और उपलब्ध मेडिकल साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध बनना माना। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले की वास्तविक स्थिति जानने के लिए पुलिस विवेचना आवश्यक है। इसी आधार पर छह नवंबर 2026 को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-1 के न्यायिक अधिकारी मोहम्मद साजिद द्वितीय ने प्रार्थनापत्र स्वीकार करते हुए संबंधित थानाध्यक्ष को मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार विवेचना कराने का आदेश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान की मजबूत कानूनी पैरवी और न्यायालय के इस आदेश से पीड़ित पक्ष को बड़ी राहत मिली है। अब पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर विवेचना किए जाने के बाद घटना से जुड़े तथ्यों और आरोपों की वास्तविकता सामने आने की उम्मीद है।

मूरतगंज बाजार में 500 मीटर तक लगा लंबा जाम, राहगीर परेशान; जाम खुलवाने में जुटी पुलिस

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में प्रयागराज से कानपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर लंबा जाम लगने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजार में करीब 500 मीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। जाम की सूचना पर मूरतगंज चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाने में जुट गई। वहीं ड्यूटी पर तैनात तीन पीआरडी जवान और यातायात पुलिस के कर्मचारी भी जाम हटवाने का प्रयास करते नजर आए, लेकिन इसके बावजूद यातायात व्यवस्था सुचारु कराने में सफलता नहीं मिल सकी। लंबे जाम के चलते दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को काफी देर तक सड़क पर फंसे रहना पड़ा। बाजार से गुजरने वाले राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मूरतगंज बाजार में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए प्रभावी इंतजाम किए जाने की जरूरत है। अब सवाल यह उठता है कि जब बाजार में पुलिस और यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगी है, तो इसके बावजूद आए दिन जाम जैसी स्थिति क्यों बन रही है। स्थानीय लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने और जाम की समस्या से स्थायी निजात दिलाने की मांग की है।

मिट्टी की सेहत सुधरेगी तो बढ़ेगी खेती की पैदावार, किसानों को बताए गए जैविक खाद के फायदे

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। खेतों की घटती उर्वरता और मिट्टी के बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर कृषि विभाग ने किसानों को जागरूक करने की पहल की है। खेतों की मिट्टी को उपजाऊ बनाए रखने, कृषि उत्पादन बढ़ाने व खेती को टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से संचालित खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत विकासखंड सिराथू के कसिया गांव में जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार को आयोजित किया गया। इसमें किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के साथ जैविक खाद के प्रयोग और संतुलित उर्वरक प्रबंधन की जानकारी दी गई।

कृषि विज्ञान केंद्र कौशांबी के मृदा वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मिट्टी की उर्वरता ही बेहतर कृषि उत्पादन का आधार है। लगातार असंतुलित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने से मिट्टी की सेहत प्रभावित होती है। इससे लंबे समय में उत्पादन क्षमता भी घट सकती है। उन्होंने किसानों को वर्मी कम्पोस्ट, गोबर की सड़ी खाद, हरी खाद और फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन को खेती का हिस्सा बनाने की सलाह दी। बताया कि मिट्टी में जीवांश कार्बन और जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ने से उसकी जल धारण क्षमता, संरचना और पोषक तत्वों की उपलब्धता बेहतर होती है। एसएमएस/एडीओ एजी मनमोहन मिश्रा ने कृषि विभाग की विभिनन् योजनाओं, वैज्ञानिक खेती और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान मिट्टी की जरूरत के अनुसार संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें और विभागीय योजनाओं का लाभ उठाएं। टीएसी अमित कुमार ने मृदा संरक्षण के उपाय बताते हुए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और खेती की लागत कम करने के लिए वैज्ञानिक पद्धतियां अपनाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि मिट्टी स्वस्थ रहेगी तभी फसल की गुणवत्ता और उत्पादन बेहतर होगा। अंत में किसानों से मृदा परीक्षण के आधार पर खाद व उर्वरकों का प्रयोग करने, जैविक पदार्थों की मात्रा बढ़ाने और पराली जलाने के बजाय उसका उचित प्रबंधन करने की अपील की गई, ताकि कृषि भूमि की उर्वरता आने वाली पीढ़ि?यों के लिए भी सुरक्षित रह सके।? कार्यक्रम में ग्राम प्रधान पंचम लाल, प्रगतिशील किसान बजरंग सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

चोरों ने पार किया बकरी अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात चोरों ने बकरियां पार कर दिया खोजबीन के बाद भी बकरियों का सुराग नहीं लगा पशुपालक की शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।कोखराज थाना क्षेत्र के अलीगंज गांव निवासी अप्पू यादव पुत्र पना लाल ने कोखराज पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती रात उसकी तीन बकरियों को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया काफी खोजबीन के बाद भी बकरियो का सुराग नहीं लगा, पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस कार्यवाही में जुट गई है।

शिव महापुराण और हनुमंत कथा की तैयारियों ने पकड़ी रफ़्तार

विधायक रवि शर्मा के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने किया कथा स्थल का निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। महानगर में दिसंबर माह में आयोजित होने जा रहे दो विशाल धार्मिक आयोजनों को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। परम पूज्य पंडित प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से 4 से 10 दिसंबर 2026 तक श्री शिव महापुराण कथा तथा पूज्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से 11 से 13 दिसंबर तक श्री हनुमंत कथा का आयोजन राधिका ऑर्किड के सामने, कानपुर रोड पर किया जाएगा। दोनों आयोजनों में झाँसी सहित आसपास के जनपदों से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन और आयोजन समिति ने तैयारियाँ शुरू कर दी हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी झाँसी, मुख्य विकास अधिकारी सहित विभिन्न-विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने नगर विधायक रवि शर्मा के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन, पार्किंग, यातायात नियंत्रण, पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संभावित भीड़ और देशभर से आने वाले विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। विशेष रूप से यातायात व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा प्रबंधों को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर विधायक रवि शर्मा ने कहा कि झाँसी की पावन धरती पर इतने बड़े धार्मिक आयोजनों का होना हम सभी के लिए गौरव और सौभाग्य की बात है। इन आयोजनों में झाँसी के साथ आसपास के जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। ऐसे में सभी का दायित्व है कि उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के समन्वय से आयोजन को सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाया जाएगा।



निरीक्षण के उपरांत विधायक रवि शर्मा ने महानगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मप्रेमियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें दोनों धार्मिक आयोजनों को भव्य, दिव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विभिन्न-व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग लोगों एवं समितियों को जिम्मेदारी सौंपने, श्रद्धालुओं की सेवा-सुविधा और जनसहभागिता सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा हुई।

विधायक रवि शर्मा ने सभी से आह्वान किया कि इन धार्मिक आयोजनों को अपना आयोजन मानते हुए पूरे समर्पण और सेवाभाव के साथ सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नगरवासियों के सामूहिक प्रयास से ही इन आयोजनों को यादगार बनाया जा सकता है।

बैठक में उपस्थित नागरिकों ने दोनों आयोजनों को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभी ने एकजुट होकर झाँसी की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

इस दौरान ज्योतिषाचार्य हरिओम थापक, संजय पटवारी, आनंद अग्रवाल, पंकज दुबे, मंडल अध्यक्ष निर्मल कुशवाहा, दिलीप पुरी, सभासद मुकेश सोनी, महेंद्र ग्वाला, बालजी गुर्जर, देवेंद्र दुबे, सोनू यादव, अमित चिरवारिया, पंकज शुक्ला, डॉ. अभिषेक गोस्वामी, अनूप करौसिया, सुमित नाहर, धीरज गोस्वामी, सौरभ वाजपेयी, भंवर सिंह राजपूत, आदर्श राय, मनोनीत सभासद कुसुम कुशवाहा, राजू व्यास, सियाशरण चतुर्वेदी, अरुण साहू, अभिषेक जैन, डॉ. आशीष तिवारी, अंकित साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष नीरजा गुप्ता, मुदगिल बहन जी, श्वेता पाराशर, अनिल खरे, अवधेश निरंजन, मीनू सोनी, संगीता जोशी, प्रवीण वाजपेयी, अशोक द्विवेदी, आमोद जैन, नीलेश द्विवेदी, अमित भार्गव, अनुसूचित जाति मोर्चा के अमित खटीक, डॉ. प्रशांत रिछारिया, नीरज दुबे, आकाश वर्मा, अमर सिद्ध, बंटी गुर्जर, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष किशोरी रायकवार, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष देवेंद्र राय, ओमी साहू, सुनील जैन, सौरभ पांचाल, सलिल तिवारी, कम्मू तिवारी और रामबहादुर त्रिपाठी सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सांसद अनुराग शर्मा ने मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण, मरीजों से जाना उपचार का हाल

स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं का लिया जायजा, कमियां मिलने पर अधिकारियों को शीघ्र सुधार के दिए निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। झाँसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा ने महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मरीजों से उपचार, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकीय सेवाओं और अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक प्राप्त किया।निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों एवं व्यवस्थागत अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए सांसद ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस), वरिष्ठ चिकित्सकों एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध संसाधनों, मरीजों को मिल रही सुविधाओं और चिकित्सा व्यवस्थाओं के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की।



सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज बुंदेलखंड की स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है। यहां झाँसी सहित आसपास के जनपदों एवं अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए आते हैं। ऐसे में प्रत्येक मरीज को समय पर बेहतर उपचार, आवश्यक दवाएं और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को मरीजों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने और स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार बुंदेलखंड में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, चिकित्सा सुविधाओं के आधुनिकीकरण और आमजन को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हों।

डॉ. संदीप सरावगी ने शबा बानो को उपहार देकर निभाया भाई का फर्ज; भावुक हुआ वातावरण



प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। रिश्ते केवल खून के नहीं होते, बल्कि संवेदना, अपनत्व और मानवीय सरोकारों से भी बनते हैं। जब कोई व्यक्ति किसी जरूरतमंद के जीवन में अपनेपन का उजाला भरता है, तो वह सहायता महज औपचारिकता नहीं रह जाती, बल्कि एक आत्मीय रिश्ते का रूप ले लेती है। ऐसा ही भावुक और प्रेरणादायी दृश्य संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में देखने को मिला, जहां समिति के संस्थापक डॉ. संदीप सरावगी ने शबा बानो को अपनी बहन का दर्जा देते हुए सस्नेह, सम्मान और उपहारों के साथ विदा किया।

शबा बानो, पुत्री स्वर्गीय मोहम्मद आबिद एवं माता रहीशा बानो, निवासी सलीम बाग, अलीगढ़ खिड़की बाहर, झांसी के परिवार की परिस्थितियां सामान्य हैं। उनके भाई मेहनत-मजदूरी कर परिवार की जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में संघर्ष सेवा समिति ने शबा बानो के प्रति आत्मीयता का परिचय देते हुए उन्हें ब्रीफकेस, साड़ी एवं अन्य आवश्यक उपहार भेंट किए। इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी ने उन्हें बहन के समान सस्नेह देते हुए आशीर्वाद और शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

इस अवसर को और भी खास बनाने में कलर्स ब्यूटी सैलून का सराहनीय योगदान रहा। शबा बानो को कलर्स ब्यूटी सैलून के माध्यम से विशेष रूप से तैयार कराया गया। झांसी के प्रतिष्ठित ब्यूटी पार्लरों में अपनी अलग पहचान रखने वाले कलर्स ब्यूटी सैलून ने अपनी सौंदर्य-कला, उत्कृष्ट सेवाओं और आत्मीय सहयोग से इस अवसर की गरिमा में चार चांद लगा दिए। किसी के विशेष दिन को खूबसूरत यादों में बदलने का यह प्रयास वास्तव में प्रशंसनीय रहा। कलर्स ब्यूटी सैलून की टीम ने अपनी व्यावसायिक दक्षता के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता का भी परिचय दिया।डॉ. संदीप सरावगी ने अपने भावुक वक्तव्य में कहा, 'मेरे लिए समाज सेवा का अर्थ केवल आर्थिक सहयोग करना नहीं, बल्कि उन लोगों के जीवन में अपनत्व का अनुभव कराना है, जिन्हें परिस्थितियों ने संघर्ष करना सिखाया है। किसी बेटी को सम्मान देना, किसी बहन के सिर पर सस्नेह का हाथ रखना और उसके जीवन के विशेष अवसर पर उसके साथ खड़ा होना ही सच्ची मानवता है। शबा बानो मेरे लिए केवल सहायता प्राप्त करने वाली बेटी नहीं, बल्कि मेरी अपनी बहन के समान हैं। ईश्वर से मेरी प्रार्थना है कि उनके जीवन में सदैव खुशियां बनी रहें और उनका भविष्य सुखमय हो। मेरा विश्वास है कि समाज का प्रत्येक समर्थ व्यक्ति यदि किसी एक जरूरतमंद परिवार का संबल बन जाए, तो अनेक जीवनों में खुशियों का संचार हो सकता है।'उन्होंने आगे कहा कि संघर्ष सेवा समिति का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सम्मान, सहयोग और संवेदना पहुंचाना है। समिति भविष्य में भी इसी सेवाभाव के साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करती रहेगी।

इस अवसर पर गिरीश यादव, कमल मेहता, सना बानो, राखी, इरशाद, दीपक यादव, सतनाम सिंह काके, डब्बू भैया, देव कोष्टा, नितिन वर्मा, फहीम भाई, इकराम, रहीश, रहीश खान, अनुज प्रताप सिंह ठाकुर, संदीप नामदेव, सुशांत गुप्ता, राजू सेन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

यह आयोजन एक बार फिर इस संदेश को चरितार्थ कर गया कि इंसान की वास्तविक पहचान उसके पद, प्रतिष्ठा या संपत्ति से नहीं, बल्कि उसके हृदय में विद्यमान करुणा और दूसरों के प्रति उसके व्यवहार से होती है। किसी के जीवन में भाई बनकर खड़े हो जाना और उसे सम्मानपूर्वक विदा करना ही रिश्तों की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति है।

अरविंद वशिष्ठ को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से किया सम्मानित

समाजसेवा एवं राजनीतिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए मिला 'विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान'

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ, वृन्दावन धाम मथुरा द्वारा भव्य हिन्दी संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए विद्वानों एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर डॉक्टरेट की मानद उपाधि (विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान) से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह में रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ. अरविन्द कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यापीठ के कुलपति डॉ. इंदुभूषण मिश्र देवेन्दु ने की। वहीं मेरठ स्थित सुभारती विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इन्द्रजीत सिंह एवं अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ उत्तराखंड के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र सिंह तोमर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. अरविन्द कुमार ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अंतर्गत हिन्दी को भारत की राजभाषा का दर्जा प्रदान किया गया है। हिन्दी की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए इसे राष्ट्रभाषा का दर्जा दिए जाने की आवश्यकता है।विद्यापीठ के कुलपति डॉ. इंदुभूषण मिश्र ने कहा कि संस्था द्वारा यह सम्मान हिन्दी लेखन, शिक्षा के उनन्यन, पर्यावरण जागरूकता, चिकित्सा सेवा, विधि सहायता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जाता है।इसी क्रम में झांसी के वरिष्ठ समाजसेवी एवं राजनेता अरविंद वशिष्ठ को समाजसेवा एवं राजनीतिक क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि 'विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान' से सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर उनके शुभचिंतकों एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है।

कॉर्पोरेट चैलेंजर ट्रॉफी : झाँसी शिक्षक योद्धाओं ने जीत से किया आगाज, सीए-11 को पांच विकेट से हराया

उद्घाटन मुकाबले में 14 ओवर में हासिल किया 124 रनों का लक्ष्य, रवि कुशवाह ने झटके तीन विकेट

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। कॉर्पोरेट चैलेंजर ट्रॉफी सीजन-4 का शुभारंभ गुरुवार को जीआईसी मैदान, झाँसी में रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में झाँसी शिक्षक योद्धाओं की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीए-11 को पांच विकेट से पराजित कर जीत के साथ प्रतियोगिता का आगाज किया।



मुकाबले में टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीए-11 की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 123 रन बनाए। टीम की ओर से आदर्श गुप्ता ने 46, प्रदीप ने 24 तथा सागर अत्री ने 22 रनों का योगदान दिया। झाँसी शिक्षक योद्धाओं की ओर से रवि कुशवाह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट हासिल किए, जबकि अजय प्रजापति ने दो विकेट चटकाए। वहीं अजय देवा, राजू यादव और राहुल गुप्ता को एक-एक विकेट मिला।जवाब में 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झाँसी शिक्षक योद्धाओं की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। टीम ने महज 14 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम कर लिया। टीम की जीत में शीलेन्द्र यादव ने 35, प्रभात यादव ने 27, केतन कुशवाह ने 15 तथा मनोज यादव ने 13 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। सीए-11 की ओर से प्रियंक गुप्ता ने दो विकेट हासिल किए, जबकि आदर्श गुप्ता, विश्वास वाजपेयी और सागर अत्री को एक-एक विकेट मिला।इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला क्रिकेट संघ, झाँसी के सचिव बृजेन्द्र यादव तथा विशिष्ट अतिथि आनंद यादव एवं अजय यादव ने पिच पर फीता काटकर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मैदान पर मौजूद खेलप्रेमियों ने भी खिलाड़ियों का तालियों के साथ उत्साह बढ़ाया।इस अवसर पर राजेंद्र वर्मा, महेंद्र सिंह यादव, अनिल बबेले, रवि मऊ, अजय वर्मा, रवि यादव, अजेंद्र यादव, सूर्यकांत, प्रदीप, राम नारायण, मनोज यादव, राजू यादव एवं डॉ. देवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मेडिकल कॉलेज शाखा का भव्य शुभारंभ, आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का मिलेगा लाभ

क्षेत्र प्रमुख जितेंद्र शर्मा एवं एमएलपी प्रमुख मनीष गुप्ता ने किया उद्घाटन, चिकित्सकों, विद्यार्थियों और व्यापारियों को मिलेगी विशेष सुविधा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने शहर के मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में अपनी नवीन मेडिकल कॉलेज शाखा का भव्य शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय मार्ग पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के सामने एवं झाँसी ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल के निकट स्थापित इस शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्र प्रमुख (कानपुर) जितेंद्र शर्मा एवं एमएलपी प्रमुख मनीष गुप्ता ने विधिवत रूप से किया।



इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि मेडिकल कॉलेज क्षेत्र में नई शाखा खुलने से चिकित्सा, शैक्षणिक एवं व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही आसपास के निवासियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी बैंकिंग संबंधी कार्यों के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी।बैंक अधिकारियों ने बताया कि नवीन शाखा का उद्देश्य चिकित्सकों, अस्पतालों, मेडिकल स्टोर्स, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल संस्थानों, विद्यार्थियों और स्थानीय व्यापारियों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। शाखा के माध्यम से बचत एवं चालू खाते, सावधि जमा (एफडी), आवर्ती जमा (आरडी), गृह ऋण, वाहन ऋण, व्यक्तिगत ऋण, शिक्षा ऋण, व्यवसाय ऋण तथा एमएसएमई ऋण सहित विभिन्न बैंकिंग एवं डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।गौरतलब है कि 11 नवंबर 1919 को स्थापित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपनी गौरवशाली विरासत के साथ देश की आर्थिक प्रगति में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। नई शाखा के शुभारंभ से झाँसी में बैंक की सेवाओं का विस्तार होगा और क्षेत्र के ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं मिल सकेंगी।कार्यक्रम में जितिन अग्रवाल, शिव सेन, शिवम गुप्ता, दीपक माहौर, अर्पित गुप्ता, रणजीत पथवार और राजू साहू सहित बैंक के अधिकारी एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में शाखा प्रबंधक ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जैन साध्वी विशाश्री माता जी ने किया झाँसी किले का भ्रमण, महारानी लक्ष्मीबाई के शौर्य को किया नमन

महिला सेना का गठन नारी सशक्तिकरण की दिशा में था ऐतिहासिक निणय : आर्यिका विशाश्री माता जी



प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक साक्षी झाँसी किले का जैन साध्वी श्री 105 विशाश्री माता जी ने 14 साध्वियों के संघ सहित भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई के स्वतंत्रता आंदोलन में चिरस्मरणीय योगदान को याद करते हुए उनके अद्वितीय शौर्य, साहस और नेतृत्व क्षमता को नारी सशक्तिकरण की दिशा में आजादी से पूर्व का एक प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

इस अवसर पर पूज्य आर्यिका विशाश्री माता जी ने कहा कि सामान्य महिलाओं को एकजुट कर महिला सेना का गठन करना वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का ऐतिहासिक निणय था।कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनके अदम्य साहस और कालजयी संघर्ष ने अंग्रेजी हुकूमत को गहरी चुनौती दी। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और वीरता की प्रेरणा देता रहेगा।इस अवसर पर कमल जैन लोकपथ, शिरोमणि जैन, राजकुमार जैन बाबा, अशोक जैनिथ, ऋषभ जैन बरुआसागर, सोनू जैनिथ, रीता जैन आदित्य, प्रीति जैन, बबली जैन, संगीता जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के जन सेवा केंद्र संचालकों को फॉर्म ६ भरे जाने के संबंध में दिया गया विस्तृत प्रशिक्षण

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर । जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देशों के क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी लवी त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जनपद के जन सेवा केंद्र संचालकों को फॉर्म 6 भरे जाने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कॉमन सर्विस सेन्टर संचालकों को निर्देश दिए कि डुप्लीकेट फॉर्म भरने से बचें। एक ही व्यक्ति के बार-बार फार्म-6 जमा न करें। फार्म जमा करने के बाद एसएमएस प्राप्त होने का अर्थ यह नहीं है कि आवेदन जमा नहीं हुआ है। यदि आवेदन सफलतापूर्वक जमा हो चुका है तो दोबारा फॉर्म न भरें। आवेदन



में वास्तविक, सही एवं सक्रिय मोबाइल नम्बर ही दर्ज करें। सीएससी संचालक अपना मोबाइल नम्बर अथवा कोई काल्पनिक या गलत मोबाइल नम्बर आवेदक के मोबाइल नंबर के स्थान पर दर्ज न करें। ओटीपी प्राप्त होने में विलंब होने पर कुछ समय प्रतीक्षा करें। बार-बार ओटीपी जनरेट करने अथवा बिना सत्यापन के दोबारा आवेदन भरने से बचें। ओटीपी गोपनीय रखें तथा उसका उपयोग केवल आवेदक की जानकारी एवं सहमति से करें।

लवी त्रिपाठी ने कहा कि फार्म जमा करने के बाद प्राप्त रैफरैन्स नम्बर सुरक्षित रखें। एसएमएस प्राप्त नहीं होने की स्थिति में रैफरैन्स नम्बर से आवेदन का स्टेटस जांचें। आवेदन की स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1950 से संपर्क करें। फॉर्म 6 में सही जानकारी भरें। हिंदी एवं अंग्रेजी में नाम की वर्तनी की जांच करें। निर्धारित दस्तावेजों एवं फोटो को स्पष्ट तथा सही रूप में अपलोड करें। आवेदन जमा करने से पूर्व समस्त विवरण आवेदक को दिखाकर पुष्टि करें। पोर्टल धीमा होने अथवा प्रतिक्रिया में विलंब होने पर लगातार सबमिट बटन न दबाएं, पोर्टल की प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा करें। आवेदन जमा होने पर रैफरैन्स नम्बर आवेदक को अवश्य उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर एसपी देहात मयंक पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, उपजिलाधिकारी सदर विकास पाण्डेय, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित कुमार यादव सहित जनसेवा केन्द्र संचालक उपस्थित रहे।

छठ महापर्व पर जनसुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं दुर्घटनारहित आयोजन हेतु अपर जिलाधिकारी प्रशासन की अध्यक्षता में हुई बैठक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर । जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं एस पी ग्रामीण मयंक पाठक की उपस्थिति में आगामी छठ महापर्व के अवसर पर जनसुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं दुर्घटनारहित आयोजन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक आहूत की गई।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी ने घाटों पर डूबने से बचाव हेतु निर्देश दिये कि केवल निर्धारित एवं सुरक्षित घाटों पर ही पूजा सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने आयोजकों को निर्देश दिए कि पुलिस, गोताखोर, स्वयंसेवक दल व प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें। अंधेरे या अनधिकृत घाटों पर पूजा न करने दी जाए। लवी त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि भीड़ प्रबंधन हेतु घाटों पर प्रवेश एवं निकास मार्ग अलग-अलग रखें। पुलिस, होमगार्ड एवं स्वयंसेवक दल द्वारा निरंतर निगरानी की जाए। घाटों पर पर्याप्त प्रकाश, बैरिकेडिंग एवं रस्सी की व्यवस्था रहे। एम्बुलेंस, चिकित्सा दल व फायर सर्विस तत्पर रहें। लाउडस्पीकर से जनसंदेश व दिशा-निर्देश लगातार प्रसारित किए जाएं। एक समय में अत्यधिक भीड़ को घाट पर एकत्र न होने दें। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विकास पाण्डेय सहित अग्नि-सुरक्षा, विद्युत, रोडवेज, सिंचाई, नगर निगम, नगर पालिका, पुलिस से संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



छठ पर्व को लेकर एसडीएम ने घाटों का किया निरीक्षण

प्रातः काल एक्सप्रेस

सोनभद्र। जनपद के घोरावल नगर सहित तहसील क्षेत्र में डाला छठ पर्व को लेकर नगर पंचायत प्रशासन और पुलिस विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को शाम करीब 5 बजे एसडीएम घोरावल विशाल कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार राय, अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सरोज और प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने पुलिस एवं प्रशासनिक टीम के



साथ घोरावल नगर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने देर शाम तक तालाबों की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नगर के दशमीहवा तालाब, थनहवा तालाब और भंगहवा तालाब पहुंचकर घाटों की स्थिति देखी।

एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि डाला छठ पर्व से पहले नगर के सभी तालाबों और घाटों की साफ-सफाई हर हाल में पूरी करा ली जाए। घाटों पर जमा गंदगी, झाड़ियों और कचरे को हटाकर श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ वातावरण तैयार किया जाए। साथ ही तालाबों के आसपास हुए अतिक्रमण को भी हटाने के निर्देश दिए।वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार राय ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिया कि सभी तालाबों में बांस-बल्ली लगवाकर बैरिकेडिंग कराई जाए, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोका जा सके। छठ पर्व के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए घाटों पर विशेष सतर्कता बरतने की बात कही गई। इसके अलावा अधिकारियों ने घोरावल क्षेत्र के कर्मा और शाहगंज के प्रमुख स्थानों का भी निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए, जिससे डाला छठ का पर्व श्रद्धालु सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल में मना सकें।

थाना सरसावा पुलिस द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण, 2 अभियुक्त गिरफ्तार

कब्जे से आला-ए-कत्ल एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना सरसावा पुलिस ने हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से आला-ए-कत्ल एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। घटना का संक्षिप्त विवरणः दिनांक 10.11.2026 को थाना सरसावा पर वादी संजय कुमार पुत्र रामलाल निवासी ग्राम चौरी मण्डी थाना चिलकाना जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के भाई राजू पुत्र रामलाल की हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मु0अ0सं0 367/2026 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष प्रवेश कुमार शर्मा द्वारा ग्रहण की गयी। पुलिस कार्यवाहीः विवेचना के दौरान बयान वादी व गवाहान, साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्तगण 1. शुभम उर्फ बॉबी पुत्र गुरुदयाल निवासी ग्राम चौरी मंडी थाना चिलकाना जिला सहारनपुर 2. रजत पुत्र गुरुदयाल निवासी ग्राम चौरी मंडी थाना चिलकाना जिला सहारनपुर के नाम प्रकाश में आये। मुकदमा उपरोक्त में धारा 238 बीएनएस की वृद्धि की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के आदेश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सरसावा द्वारा मय पुलिस टीम के मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण शुभम उर्फ बॉबी व रजत को देहरादून-अंबाला हाईवे पर स्थित सरसावा टोल प्लाजा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल व 01 मोटरसाइकिल बरामद की गई। अभियुक्तगण के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक



प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत जनपद सहारनपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न ग्रामों, मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ग्राम चौपाल आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा महिलाओं से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही 'बहू-बेटी सम्मेलन' एवं 'सास-बहु संवाद' के माध्यम से घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, गृह-कलेश एवं पारिवारिक विवादों की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस टीमों द्वारा पारिवारिक संबंधों में आपसी संवाद, सम्मान, सहयोग एवं समझदारी का महत्व बताते हुए छोटी-छोटी बातों को विवाद का रूप न देने तथा आपसी बातचीत के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, शोषण अथवा अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गईः 1090 – महिला पावर लाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 1930 – साइबर अपराध हेल्पलाइन 108– एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन सहारनपुर पुलिस की अपीलः मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा महिला सुरक्षा एवं सम्मान को बढ़ावा देना है। सहारनपुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

चार दिन पहले घर से निकला युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी । सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे का रहने वाला एक युवक चार दिन पहले घर से निकला था जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा, खोजबीन के बाद परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के वार्ड नं चार हौलीपर निवासी गया प्रसाद पुत्र जग्गू ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका 26 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार आठ नवंबर की सुबह साढ़े नौ बजे के करीब घर से निकला था जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा, खोजबीन के दौरान जिसका कही पता नहीं चला। पीड़ित की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अभिनन्दन के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर अभिनन्दन के निर्देशन में जनपद में संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाभिमान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, महिला उत्पीड़न से बचाव तथा किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में पुलिस एवं संबंधित विभागों से सहायता प्राप्त करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।साइबर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर ठगी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों से बचाव तथा साइबर अपराध होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के बारे में जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए।महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरः 1090 - वूमेन पावर लाइन 1930- साइबर अपराध हेल्पलाइन 112- पुलिस आपातकालीन सेवा 108- एंबुलेंस सेवाक्ष1098- चाइल्ड हेल्पलाइन



1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 101 - अगिन्शमन सेवा सहारनपुर पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना देने तथा पुलिस से सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। सहारनपुर पुलिस का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाभिमान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना है।

पुलिस लाइन में लगा जागरूकता शिविर, एसिड अटैक पीड़ितों के लिए सरकार देगी 3 से 10 लाख तक की मदद

प्रातः काल एक्सप्रेस

मीरजापुर। गुरुवार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के क्रम में पुलिस लाइन सभागार में स्वास्थ्य, पुलिस एवं महिला कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एसिड अटैक पीड़ितों पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में एसिड अटैक पीड़िता सोनी कुमारी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग पुलिस विभाग एवं महिला कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा अपनी योजनाओं की जानकारी दी गई। उप मुख्य चिकित्साधिकारी वीरेंद्र कुमार द्वारा एसिड अटैक जैसी घटनाओं को होने से पूर्व रुकने



हेतु सभी को प्रेरित किया गया। डॉ मंजू यादव द्वारा एसिड अटैक पीड़ितों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही रानी लक्ष्मीबाई योजना, जिसमें एसिड अटैक के पीड़ितों को 10 से 30 प्रतिशत तक जलने पर 03 लाख, 30 प्रतिशत से ऊपर क्षति पहुंचने पर 05 लाख/- एवं पीड़िता की मृत्यु होने पर उसके अभिभावक या बच्चों को 10 लाख रुपए महिला कल्याण विभाग द्वारा मिलने की जानकारी दी गई साथ ही बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह को रोकने हेतु शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी से अनुरोध भी किया गया कि हम ऐसे माहौल बनाएं, जिसमें एसिड अटैक पीड़ित सामान्य तौर पर अपना जीवन यापन कर सके।

इस लोक में मनुष्यों के दो प्रकार के स्वभाव होते हैं दैवीय व आसुरीः अरुण चौबे

सोनभद्र। घोरावल तहसील क्षेत्र के धनावल गांव स्थित शान्ति - प्रेम कुटीर में गुरुवार को परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज द्वारा रचित गीता भाष्य 'यथार्थ गीता' पर परिचर्चा हुई। चर्चा में गीता की पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा गया कि इस लोक में मनुष्यों के स्वभाव दो प्रकार के हैं। देवों के जैसा और असुरों के जैसा। परिचर्चा आरंभ करते हुए स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के भक्त एवं गीता जयंती समारोह सोनभद्र के स्वागत सचिव अरुण चौबे ने कहा कि जब हृदय में दैवी सम्पद कार्यरुप ले लेती है तो मनुष्य ही देवता है और जब आसुरी सम्पद का बाहुल्य हो तो मनुष्य ही असुर है। सृष्टि में ये दो ही जातियां हैं। वह चाहे अरब में पैदा हुआ है, चाहे आस्ट्रेलिया में, कहीं भी पैदा हुआ हो, बशर्ते है इन दो में से ही। उन्होंने कहा कि गीता के अनुसार अनेकचित्तविभ्रान्ता मोहजालसमावृताः। अनेक प्रकार से भ्रमित हुए चित वाले , मोह-जाल में फंसे हुए, विषय भोगों में अत्यंत आसक्त वे आसुरी स्वभाव वाले मनुष्य अपवित्र नरक में गिरते हैं। विकास चौबे ने परिचर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि गीता के अनुसार काम, क्रोध और लोभ ये तीन प्रकार के नरक के मूल द्वार हैं। ये आत्मा का नाश करने वाले, उसे अधोगति में ले जाने वाले हैं। अतः इन तीनों को त्याग देना चाहिए। इन्हीं तीनों पर आसुरी सम्पद टिकी हुई है। इन तीनों को त्याग देने पर ही उस कर्म अर्थात नियत कर्म का आरंभ होता है। यही परम कल्याण का माध्यम है। परिचर्चा में लल्लू यादव, बच्चा आदि ने भी भाग लिया।



थाना कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा चेकिंग एवं दबिश के दौरान 5 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक बेहट इन्द्रेश चौहान के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस द्वारा चेकिंग व दबिश के दौरान 05 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण : 1. राजेश पुत्र धर्म सिंह निवासी ग्राम शेखपुरा थाना बेहट जनपद सहारनपुर, सम्बन्धित वाद संख्या 1252/20 मु0अ0सं0 196/09 धारा 60 आबकारी अधि0 चालानी थाना बेहट - ग्राम शेखपुरा से गिरफ्तार। 2. अरविन्द पुत्र साधूराम निवासी ग्राम शेखपुरा थाना बेहट, सम्बन्धित वाद संख्या



127/20 मु0अ0सं0 179/13 धारा 60 आबकारी अधि0 चालानी थाना बेहट - ग्राम शेखपुरा से गिरफ्तार। 3. महेन्द्र पुत्र देशराज निवासी ग्राम मरवा थाना बेहट, सम्बन्धित वाद संख्या 214/2017 मु0अ0सं0 19/2017 धारा 138 विद्युत अधि0 चालानी थाना बेहट - ग्राम मरवा से गिरफ्तार। 4. मांगेराम पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम करौंदी थाना बेहट, सम्बन्धित वाद संख्या 9669/24 मु0अ0सं0 506/23 धारा 452/323/504/506 भादंवि चालानी थाना बेहट - ग्राम करौन्दी से गिरफ्तार। 5. नुसरत पतने अलीम निवासी मो0 कस्सावान कस्बा व थाना बेहट, सम्बन्धित वाद संख्या 1461/25 धारा 406 भादवि चालानी थाना बेहट - कस्बा बेहट से गिरफ्तार।अभियुक्तगण के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।